

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 17 नवंबर 2026 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -42 ■ अंक-227 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

डेढ़ लाख रुपये लेकर आरोपियों को छोड़ने का आरोप, एसआई समेत 6 पुलिसकर्मी निलंबित

जांजगीर-चांपा,17 नवंबर। जांजगीर-चांपा जिले के सारागांव थाने में पुलिस विभाग की छवि को दागदार करने वाला मामला सामने आया है। शराब बिक्री के आरोपियों को कथित तौर पर डेढ़ लाख रुपये लेकर छोड़ने के मामले में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में प्रथम दृष्टया पैसे के लेन-देन की पुष्टि होने पर प्रशिक्षु उप निरीक्षक सहित छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पुलिसकर्मियों में प्रशिक्षु उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक अर्जुन जांगड़े सहित चार आरक्षक शामिल हैं। वहीं, मामले की आगे की जांच सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे को सौंपी गई है। एसपी ने निर्देश दिए हैं कि भ्रष्टाचार और अवैध लेन-देन के आरोप प्रमाणित होने पर संबंधितों के खिलाफ अपराध दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। एसपी ने साफ संदेश दिया है कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

गिरफ्तारी देने थाना पहुंचे अमित जोगी


रायपुर,17 नवंबर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे (jccj) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी आज अपनी गिरफ्तारी देने रायपुर के सिविल लाइन थाना पहुंचे हैं। पुलिस जोगी से पूछताछ कर रही है। बता दें कि हाल ही में अमित जोगी ने बहुत ही आपत्तिजनक वीडियो बनाकर प्रधानमंत्री और चुनाव आयुक्त के किरदार को दिखाया था। भाजपा नेता राजेश मूणत सिविल लाइन थाना पहुंचकर आपत्तिजनक वीडियो मामले में FIR दर्ज कराई थी। मीडिया से चर्चा करते हुए मूणत ने कहा था कि अमित जोगी ने देश के प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बारे में जिस प्रकार से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाला है और जिस प्रकार के रोल अदा किए हैं वह निंदनीय है।

प्रतिस्पर्धा नहीं सहयोग से तय हो साझा भविष्य

मनीला,17 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो महत्वपूर्ण क्षेत्रीय शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए फिलीपींस में हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशियाई और पूर्वी एशियाई देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना तथा क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करना है।

एशिया शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी

अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने मनीला के ऐतिहासिक 'गुरुद्वारा खालसा दीवान' में पुनर्निर्माण कार्य की शुरुआत के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह गुरुद्वारा एक सदी से भी अधिक पुराना धार्मिक स्थल है। इसके अलावा, उन्होंने 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया। इन सम्मेलनों का आयोजन मनीला में फिलीपींस द्वारा किया जा रहा है, जो 2026 के लिए आसियान की अध्यक्षता कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत और आसियान देशों के बीच बेहतर सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का भविष्य प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग से तय होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच शांति, स्थिरता और पूर्वानुमान-योग्यता के महत्व पर जोर दिया। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनमें इस क्षेत्र को शांति और स्थिरता का प्रतीक बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा, "इस संदर्भ में, इस वर्ष हमारी थीम 'नेविगेटिंग आवर फ्यूचर टुगेदर' (एक साथ मिलकर अपने भविष्य की राह तय करना) का विशेष महत्व है। भारत और आसियान मिलकर दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि हमारा भविष्य प्रतिस्पर्धा से नहीं, बल्कि सहयोग से आकार ले। भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इसने पिछले कुछ वर्षों में भारत-आसियान संबंधों को नई गति और गहराई दी है। इसके तहत डिजिटल तकनीक, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि 2014 से लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत ने 100 से अधिक पहल की हैं, 250 से ज्यादा 'क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट' शुरू किए हैं और 10,000 से अधिक कौशल-विकास छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और आसियान के बीच बढ़ती कनेक्टिविटी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत और नौ आसियान देशों के बीच सीधी उड़ानें और बढ़ता पर्यटन, दोनों के बीच मजबूत साझेदारी को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, "इस साल आसियान देश की यह मेरी तीसरी यात्रा है। यह दिखाता है कि भारत के लिए आसियान का कितना विशेष महत्व है। हमारा मानना है कि भारत का विकास और आसियान की समृद्धि एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।" 'आसियान कम्युनिटी विजन 2045' और 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि साझा लक्ष्यों को हासिल करने में ये दोनों ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने आसियान की एकता और केंद्रीयता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह शिखर सम्मेलन 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और एक सुरक्षित, समावेशी तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण में योगदान देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर को आसियान की सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी और भारत के लिए 'कंट्री कोऑर्डिनेटर' के रूप में फिलीपींस के योगदान की सराहना की।



करोड़ों खर्च के बाद भी यमुना गंदी की गंदी, सुप्रीम कोर्ट सख्त

राज्यों-जिलों पर लगेगा जुर्माना



नई दिल्ली, 17 नवंबर। यमुना नदी में लगातार बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि यमुना जिन राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों से होकर गुजरती है, वहां पानी की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर संबंधित प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अदालत ने कहा कि नदी किनारे बसे शहरों, कस्बों और गांवों की प्रशासनिक लापरवाही यमुना में गिरने वाले 520 नालों से साफ दिखाई देती है। इन नालों का गंदा पानी सीधे नदी में पहुंच रहा है। इससे पहले 4 नवंबर को भी अदालत ने यमुना की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा था कि नदी लगभग सीवेज नाले में तब्दील हो गई है।

सीपीसीबी करेगा पानी की गुणवत्ता की निगरानी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पानी की गुणवत्ता की निगरानी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट के उपचार की वास्तविक स्थिति सामने आनी चाहिए। ट्रीटमेंट प्लांट केवल कागजों पर संचालित नहीं होने चाहिए, बल्कि उनकी कार्यप्रणाली की वास्तविक समय में निगरानी होनी चाहिए।

अवैध कब्जे हटाने और आंकड़े ऑनलाइन करने के निर्देश

अदालत ने यमुना के किनारों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से अवैध कब्जे हटाने पर भी जोर दिया है। साथ ही कानून और पुनर्वास संबंधी प्रावधानों का ध्यान रखने को कहा है। प्रदूषण और ट्रीटमेंट प्लांट के कामकाज से जुड़े आंकड़े ऑनलाइन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

125 नए एसटीपी और 12 सीईटीपी बनाने की योजना

यमुना की सफाई के लिए व्यापक कार्ययोजना के तहत 125 नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और 12 कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए रियल टाइम निगरानी प्रणाली और स्मार्ट मीटर लगाने पर भी जोर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नदी की सफाई के साथ अब संबंधित प्रशासन की जवाबदेही भी तय होगी। प्रदूषण रोकने में लापरवाही पाए जाने पर आर्थिक जुर्माना लगाया जा सकता है।

अवैध धान परिवहन: दो ट्रकों से 595 क्विंटल धान जब्त

राजनांदगांव,17 नवंबर। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन के बीच अवैध धान परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पाटेकोरा बैरियर पर जांच के दौरान धान से लदे दो ट्रक पकड़े गए। दोनों वाहनों से कुल 595 क्विंटल धान बरामद किया गया है। प्रशासन ने ट्रकों समेत धान को जब्त कर लिया है और मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, कलेक्टर ने पाटेकोरा बैरियर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम और खाद्य अधिकारी भी मौजूद रहे। जांच के दौरान बैरियर पर अवैध रूप से धान का परिवहन करते दो ट्रक पकड़े गए। पहले ट्रक की जांच में 742 बोरों में भरा 306 क्विंटल धान मिला। वहीं, दूसरे ट्रक से 289 क्विंटल धान बरामद किया गया। इस तरह दोनों वाहनों से कुल करीब 595 क्विंटल धान जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान कलेक्टर ने बैरियर पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि बाहर से आने वाले वाहनों की नियमित और सघन जांच की जाए। बिना वैध अनुमति के धान का परिवहन करने वाले वाहनों को किसी भी स्थिति में गुजरने नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी सीजन में किसानों के हितों की रक्षा करना और सरकारी खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी 8 की मौत और 20 घायल



ऋषिकेश,17 नवंबर। उत्तराखंड में मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हरिद्वार से कर्णप्रयाग जा रही यात्रियों से भरी बस ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर गूलर बाजार के पास अनियंत्रित होकर पुल से करीब 100 मीटर नीचे गदेरे में जा गिरी। हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई यात्री घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जानकारी के मुताबिक, विश्वनाथ सेवा की यह बस मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे हरिद्वार से कर्णप्रयाग के लिए रवाना हुई थी। बस में लगभग 30 से 35 यात्री सवार थे। गूलर बाजार के समीप पहुंचते ही बस पुल से नीचे गदेरे में जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि कई यात्री बस के अंदर फंस गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सात यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक घायल ने ऋषिकेश एम्स ले जाते समय दम तोड़ दिया। इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पोस्ट ब्यासी और ढालवाला की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव दल ने खाई में उतरकर घायलों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। अब तक 20 घायलों को बस से बाहर निकाला जा चुका है। इनमें से 19 को उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश भेजा गया है, जबकि अन्य घायलों को ऋषिकेश के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी श्वेता चौबे के मुताबिक, हादसे के बाद चार शव बरामद किए गए थे। वहीं, खाई में गिरे अन्य लोगों की तलाश और उन्हें बाहर निकालने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सेनानायक अर्पण यदुवंशी के निर्देश पर एसडीआरएफ की अतिरिक्त टीमें भी घटनास्थल पर भेजी गई हैं। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें आपसी समन्वय के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं।

चैतन्य बघेल और ईडी के बीच अब ट्रिब्यूनल में कानूनी लड़ाई

रायपुर,17 नवंबर। इस मामले में ट्रिब्यूनल ने ईडी से जवाब मांगा है। खास बात यह है कि जवाब देने के लिए और समय मांगने पर भी एजेंसी को राहत नहीं मिली। अब 23 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं। मामला दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित विट्ठल कॉलोनी से जुड़ा है। यहां कुल 385 प्लॉट हैं। इनमें से 30 प्लॉट पहले ही आम लोगों को बेचे जा चुके हैं, जबकि बाकी 355 प्लॉट्स पर ईडी ने कब्जे की कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, दीपावली की छुट्टियों के दौरान शनिवार को ईडी की टीम ने इन प्लॉटों पर जब्ती के नोटिस चस्पा किए थे। इसके बाद चैतन्य बघेल ने इस कार्रवाई को कानूनी रूप से चुनौती दी। उनका मामला अब दिल्ली स्थित अपीलेट ट्रिब्यूनल में पहुंच गया है। चैतन्य बघेल के वकील हर्षवर्धन परगनिहा के मुताबिक, संपत्ति कुर्क करने के खिलाफ दायर अपील करीब दो महीने से ट्रिब्यूनल में लंबित है। इस दौरान ईडी को अपना पक्ष रखने और जवाब दाखिल करने के लिए दो बार मौका दिया गया, लेकिन एजेंसी की ओर से जवाब पेश नहीं किया गया। वकील का कहना है कि पिछली सुनवाइयों में ईडी की तरफ से कोई अधिवक्ता भी उपस्थित नहीं हुआ था। शनिवार को जब सुनवाई हुई, तब ईडी के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन से चार सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा। हालांकि, ट्रिब्यूनल ने और समय देने से इनकार कर दिया। इस पूरे मामले में ईडी का आरोप है कि छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले से जुड़े सिंडिकेट ने अवैध तरीके से कमाई गई रकम को रियल एस्टेट में निवेश किया। जांच एजेंसी इसी आधार पर संपत्तियों की कुर्की और कब्जे की कार्रवाई कर रही है। वहीं, ईडी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इस मामले को एजेंसी का दिल्ली कार्यालय देख रहा है। ट्रिब्यूनल ने कुछ जानकारियां मांगी थीं, जिन्हें उपलब्ध करा दिया गया है। हालांकि, चैतन्य बघेल के वकील का कहना है कि अपील पर एजेंसी का औपचारिक जवाब अब तक दाखिल नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि इस कुर्की कार्रवाई से जुड़े दूसरे आरोपित भी अपीलेट ट्रिब्यूनल पहुंचे हैं और उन्होंने अपनी संपत्तियों को लेकर ईडी के फैसले को चुनौती दी है। दरअसल, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून यानी पीएमएलए के तहत ईडी को संदिग्ध संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क करने का अधिकार है।



छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पर भूपेश बघेल का बड़ा हमला

'छोटा रिचार्ज से नहीं संभल रहा प्रदेश, अब बदलाव जरूरी'

रायपुर,17 नवंबर। छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर कानून व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। रायगढ़ जिले के खरसिया स्थित बोतल्दा रॉक गार्डन में हुई जघन्य वारदात को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बड़ा बयान दिया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर कड़ा रोष जताते हुए तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में "छोटा रिचार्ज से राज्य संभल नहीं रहा है, अब इसे बदल देना चाहिए।" उनका यह बयान सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में तेजी से चर्चा का विषय बन गया है। बीते 14 नवंबर को रायगढ़ के खरसिया स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल बोतल्दा रॉक गार्डन में एक युवती अपने प्रेमी के साथ घूमने गई थी। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने युवक के साथ मारपीट की और फिर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस घटना के बाद से विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है।धान खरीदी केंद्रों में आ रही शॉर्टेज के मुद्दे पर भूपेश बघेल ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार धान खरीदी के मामलों में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। विपक्ष ने मांग की है कि धान खरीदी में हो रहे शॉर्टेज और पिछले साल के आंकड़ों पर सरकार श्वेत पत्र जारी करे और पूरी जानकारी सार्वजनिक करे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस गंभीर मुद्दे पर पिछले चार दिनों से सरकार ने पूरी तरह चुप्पी साध रखी है।राजस्व निरीक्षक (RI) परीक्षा पेपर लीक मामले का जिक्र करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में जितनी भी परीक्षाएं आयोजित की गई हैं, लगभग सभी में धांधली और गड़बड़ियां सामने आई हैं। उन्होंने इन तमाम गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच के लिए CBI जांच की मांग उठाई है।इसके साथ ही, इंडिया गठबंधन की ओर से SIR के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किए जाने को लेकर भी बघेल ने अपनी बात रखी।



दीपक टंडन की जमानत याचिका खारिज

प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लेकर पहुंची पुलिस

बिलासपुर,17 नवंबर। रायपुर के होटल कारोबारी दीपक टंडन को अदालत से बड़ा झटका लगा है। फर्जी खबरें प्रकाशित करने, AI टूल की मदद से तस्वीरों में छेड़छाड़ करने और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर लोगों को ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार दीपक टंडन की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। नवम सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला सुनाया। पुलिस के मुताबिक, दीपक टंडन पर न्यूज पोर्टल की आड़ में लोगों की छवि खराब करने वाली भ्रामक खबरें प्रकाशित करने का आरोप है। आरोप है कि वह AI टूल की मदद से लोगों की तस्वीरों में छेड़छाड़ कर अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री तैयार करता था। इसके बाद ऐसी तस्वीरें और भ्रामक खबरें प्रसारित कर संबंधित लोगों से रुपये वसूलने के लिए दबाव बनाया जाता था। इस मामले में तिफरा निवासी मणिशंकर पांडेय की शिकायत पर सिरगिट्टी थाने में अपराध दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 6 नवंबर को रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर स्थित रजत प्राइम अपार्टमेंट से दीपक टंडन को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए थे। पुलिस का दावा है कि मोबाइल की जांच में आपत्तिजनक फोटो, वीडियो और ऑडियो सामग्री मिली है। वहीं अब खबर है कि पुलिस दीपक टंडन को बिलासपुर से प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लेकर पहुंची है, जिसे कोर्ट में पेश किया गया। दीपक टंडन और पत्नी बरखा टंडन के खिलाफ रायपुर, कोरबा और सक्ती समेत प्रदेशभर में लगभग 10 FIR दर्ज दर्ज है।

अमेरिका से ब्रिटेन तक बनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान

रायपुर,17 नवंबर। छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की गूंज सात समंदर पार अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन तक पहुंची। भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस 2026 में नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा) ने भारतीय दूतावासों, वाणिज्य दूतावासों, उच्चायोग और विभिन्न भारतीय सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत सरकार द्वारा 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत के तहत इस वर्ष 1 से 15 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिकागो, टोरंटो, लंदन और ह्यूस्टन में नाचा के प्रतिनिधियों ने भारतीय राजनयिक मिशनों के सहयोग से छत्तीसगढ़ की जनजातीय विरासत और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया।



शिकागो में गणेश कर ने संभाली जिम्मेदारी-

अमेरिका के शिकागो स्थित नेशनल इंडिया हब में भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित समारोह में विभिन्न राज्यों के सामुदायिक संगठनों ने भाग लिया। भारतीय महावाणिज्य दूत आनंद प्रकाश ने जनजातीय समुदायों के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। नाचा के वरिष्ठ प्रतिनिधि गणेश कर ने सामुदायिक समन्वय की जिम्मेदारी संभाली। नाचा शिकागो चैप्टर के अध्यक्ष तेजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति और शहीद वीर नारायण सिंह के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महावाणिज्य दूत आनंद प्रकाश ने नाचा की वैश्विक अध्यक्ष दीपाली सरावगी को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिए गए 'छत्तीसगढ़ अप्रवासी सम्मान 2026' के लिए सम्मानित किया। वह यह सम्मान प्राप्त करने वाली पहली महिला हैं।

कनाडा और ब्रिटेन में भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रदर्शन-कनाडा के टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में नाचा कनाडा चैप्टर के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जनजातीय नृत्य, पारंपरिक कला, चित्रकला और वेशभूषा प्रतियोगिताओं के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता प्रस्तुत की गई।लंदन के नेहरू सेंटर में आयोजित 'द ट्राइबल टेपेस्ट्री 2026' में नाचा यूके के अरविंद साहू, पियाली और अन्य सदस्यों ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और जनजातीय परंपराओं को प्रदर्शित किया।

एक नजर

युवक से 31 लाख की ठगी

भिलाई, 17 नवंबर (तछसं.)। शेयर मार्केट और फॉरेक्स ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 31 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने का मामला सामने आया है आरोपी ने खुद को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और पांच साल से गोल्ड ट्रेडिंग करने वाला विशेषज्ञ बताकर निवेश के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराई। पीड़ित की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने आरोपी योगेश साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि पश्चिम अंबेडकर रोड (मोहन नगर) निवासी प्रार्थी आकाश कुमार रंगारी (38 साल) ने शिकायत में बताया कि 13 दिसंबर 2023 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने अपना नाम योगेश साहू बताते हुए कहा कि वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है और पिछले पांच वर्षों से फॉरेक्स मार्केटमें गोल्ड ट्रेडिंग का कारोबार कर रहा है उसने दावा किया कि निवेश करने पर वह हर महीने मुनाफे की राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित करता है तीन अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कराए 31 लाख रुपए आरोपी के झांसे में आकर आकाश निवेश के लिए तैयार हो गया इस के बाद योगेश साहू ने उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की भिलाई शाखा के दो खातों और एचडीएफसी बैंक के एक खाते का विवरण भेजा? शेयर मार्केट पीड़ित ने अपने खाते से विभिन्न तारीखों मे आईएमपीएस, एनईएफटी, आरटीजीएस और यूपीआई के माध्यम से तीनों खातों में कुल 31 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए रकम मांगने पर टालमटोल करता रहा आरोपी शुरुआत में मुनाफे की प्रतीक्षा कर रहे पीड़ित को कुछ समय बाद ठगी का संदेह हुआ जब उसने आरोपी से अपनी निवेश राशि वापस मांगी तो वह लगातार टालमटोल करने लगा। आरोपी अलग-अलग तारीखें देकर रकम लौटाने का झूठा आश्वासन देता रहा, लेकिन न तो मूलधन वापस किया और न ही कोई मुनाफा दिया। लंबे समय तक भटकने के बाद आखिरकार आकाश रंगारी ने मोहन नगर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

फरार महिला आरोपी गिरफ्तार



भिलाई, 17 नवंबर (तछसं.)। ब्याज पर उधार रकम देकर 30 प्रतिशत साप्ताहिक ब्याज वसूलने एवं मारपीट कर धमकी देने के मामले में फरार महिला आरोपी को भट्ठी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पूर्व में 03 आरोपियों को जेल भेजे जा चुके हैं भट्ठी टीआई धीरेन्द्रनाथ दुबे ने बताया कि 19 सितंबर को प्रार्थिया श्रीमती रेखा ताण्डी निवासी सुपेला ने थाना भट्ठी में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके पति की तबीयत खराब होने के कारण उपचार के लिए पैसों की आवश्यकता थी इस पर उसने पूजा राव उर्फ वेंकट लक्ष्मी राव से 20 हजार रुपए साप्ताहिक 30 प्रतिशत ब्याज की दर पर उधार लिए थे आरोप है कि पूजा राव द्वारा एकमुश्त रकम की मांग किए जाने पर प्रार्थिया ने अपनी तबीयत खराब होने के कारण पूरी रकम एक साथ देने में असमर्थता जताई। इसके बाद पूजा राव उसे उपचार कराने के बहाने अपने पुत्र एवं अन्य साथियों के साथ कार में बैठाकर अपने घर ले गई, जहां आरोपियों द्वारा प्रार्थिया एवं उसके बेटे के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई तथा उधार रकम से अधिक राशि वसूलने का प्रयास किया गया प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना भिलाई भट्ठी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने पूर्व में पूजा राव उर्फ वेंकट लक्ष्मी राव, चंदन राव एवं प्रवीण शर्मा को गिरफ्तार कर 20 सितंबर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था प्रकरण में घटना के बाद से फरार चल रही अन्य महिला आरोपी प्रीति तांडी (20 साल) निवासी शिव मंदिर के पास उड़िया बस्ती रायपुर नाका की लगातार तलाश की जा रही थी पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 17 नवंबर (तछसं.)। भिलाई झगड़ा शांत कराने पहुंचे युवक के गले पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को वैशालीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया है आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है वैशाली नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि इंदिरा कॉलेज के सामने धर्मेन्द्र किराना दुकान के पास भुनेश्वर साहू एवं प्रेम कुमार सिंह के साथ आरोपी गोकुल राम उर्फ भूरू का विवाद हो रहा था इसी दौरान अन्नू कुमार यादव विवाद शांत कराने एवं बीच-बचाव करने पहुंचा इस बात से नाराज होकर आरोपी ने अन्नू कुमार यादव के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा पास में स्थित अंडा ठेले से धारदार हथियार उठाकर उसके गले पर प्राणघातक वार कर दिया घायल अन्नू कुमार यादव को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया,

जहां से चिकित्सकों ने उसे स्पर्श अस्पताल सुपेला रेफर किया गया। प्रार्थी चुन्नू कुमार यादव की रिपोर्ट पर थाना वैशालीनगर में धारा 296, 109, 351 (3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान वैशाली नगर थाने पुलिस टीम ने फरार आरोपी की लगातार तलाश की गई आरोपी का पता मिलने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की प्रकरण में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी गोकुल राम उर्फ भूरू (25 साल) निवासी अर्जुन नगर रिक्शा कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया ।

150 साल पुरानी जापानी घड़ियां आज भी दे रही हैं सटीक समय ओसवाल परिवार ने तीन पीढ़ियों से सहेज रखी है अनमोल विरासत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







भिलाई, 17 नवंबर। समय बदलता है, पीढ़ियां बदल जाती हैं और दौर के साथ तकनीक भी बदल जाती है, लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो वक्त के साथ और अधिक अनमोल हो जाती हैं। ऐसी ही एक अनमोल विरासत भिलाई में देखने को मिल रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधक रहे हुकुमचंद ओसवाल के सेक्टर-10 स्थित निवास पर जापान की 150 साल पुरानी प्रसिद्ध सिकोषा कंपनी की दीवार घड़ी आज भी न केवल शान से टंगी है, बल्कि सही समय भी बता रही है। खास बात यह है कि इतने वर्षों बाद भी यह घड़ी चाबी भरने से चलती है और ओसवाल दंपती इसकी देखभाल उसी आत्मीयता से करते हैं, जैसे परिवार के किसी सदस्य की करते हैं। इस घड़ी की कहानी केवल समय बताने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें तीन पीढ़ियों की यादें, पारिवारिक रिश्ते और भारत-जापान के ऐतिहासिक संबंधों की झलक भी समाई हुई है। एक अनौपचारिक चर्चा के दौरान हुकुमचंद ओसवाल ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि यह घड़ी उन्हें उनके दादाजी मगनमल ने दी थी। यह घड़ी कभी जबलपुर स्थित उनके दादाजी की दुकान में लगी हुई थी। बाद में जब हुकुमचंद ओसवाल की नौकरी भिलाई इस्पात संयंत्र में लगी तो वे इस घड़ी को अपने साथ भिलाई ले आए। तब से यह घड़ी उनके परिवार के साथ जीवन के कई पड़ावों की साक्षी बनी हुई है। ओसवाल परिवार के पास इसी कंपनी की दो ऐतिहासिक घड़ियां हैं, जिन्हें परिवार ने वर्षों से धरोहर के रूप में सहेज कर रखा है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रकांता ओसवाल ने बताया कि विवाह के समय से ही ये घड़ियां उनके परिवार की अनमोल निशानी रही हैं। उनके मायके का भी अपना विशिष्ट पारिवारिक इतिहास रहा है। उनकी माताश्री श्रीमती पताशा बाई गृहिणी थीं, जबकि पिताश्री मदन सिंह मुनैत प्रसिद्ध वकील थे। इन घड़ियों के साथ उनके मायके और ससुराल, दोनों परिवारों की स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। श्रीमती इंद्रकांता ओसवाल बताती हैं कि परिवार ने भिलाई के सेक्टर-1 से लेकर रूसी कॉम्प्लेक्स और फिर सेक्टर-10 तक के अपने आवासीय सफर में इन घड़ियों को हमेशा अपने साथ रखा है। समय के साथ घर बदले, लेकिन इन घड़ियों का स्थान और महत्व कभी नहीं बदला। आज भी ओसवाल दंपती इन घड़ियों को चाबी भरकर नियमित रूप से चलाते हैं और अपनी दिनचर्या में समय देखने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। उनका कहना है कि ये घड़ियां उनके लिए महज कोई वस्तु नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह हैं। इन्हें देखकर पुरानी पीढ़ियों की यादें जीवंत हो उठती हैं। इस अनौपचारिक चर्चा के दौरान वहां उपस्थित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार महेश चतुर्वेदी ने इन घड़ियों के महत्व को और व्यापक परिप्रेक्ष्य में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये साधारण घड़ियां नहीं हैं, बल्कि भारत और जापान की तकनीकी एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं। इनका इतिहास देखते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस से जुड़ी ऐतिहासिक स्मृतियां भी ताजा हो जाती हैं। उल्लेखनीय है कि जापान की सिकोषा कंपनी की घड़ी निर्माण के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आगे चलकर इसी औद्योगिक विरासत से सैको जैसे विश्वविख्यात घड़ी ब्रांड का विकास हुआ। ऐसे में सिकोषा की ये पुरानी घड़ियां अपने निर्माण काल की तकनीक, कारीगरी और उस दौर के औद्योगिक इतिहास की भी गवाही देती हैं। आज जब मोबाइल फोन और डिजिटल घड़ियों ने समय देखने का तरीका बदल दिया है, तब भिलाई में ओसवाल दंपती के घर टंगी ये पुरानी घड़ियां हमें याद दिलाती हैं कि समय की असली कीमत केवल उसकी सुइयों में नहीं, बल्कि उससे जुड़ी यादों में भी होती है। तीन पीढ़ियों से सहेजी गई यह विरासत बताती है कि धरोहर केवल संग्रहालयों में ही नहीं होती, बल्कि परिवारों के घरों में भी सांस लेती है। हुकुमचंद और इंद्रकांता ओसवाल ने इन घड़ियों को जिस लगन और स्नेह से सहेजा है, वह नई पीढ़ी के लिए भी अपनी पारिवारिक विरासत को संजोने की एक प्रेरणादायक मिसाल है।



धान खरीदी केंद्र खोलवा में धान खरीदी शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 17 नवंबर। धान खरीदी केंद्र खोलवा, विकासखंड सहसपुर लोहारा में जिला पंचायत में विधायक प्रतिनिधि श्री भूखन साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि आशा राम गोपाल नेताम,अध्यन साहू, ग्रामीण किसान के साथ विधिवत धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया खोलवा में नए धान खरीदी होने से ग्रामीण जन के चेहरे में मुस्कान दिखे अब उन्हें अपनी धान विक्रय के लिए दूर नहीं ले जाना पड़ेगा गांव में ही उनकी धान खरीदी होगी। अनुभागीय अधिकारी राजस्व महेश सिंह राजपूत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिव कुमार साहू द्वारा सुचारू रूप से धान खरीदी संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।



वरिष्ठ नागरिकों को श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम किया गया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 17 नवंबर। निगम क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम की धार्मिक यात्रा पर रवाना किया गया। इस अवसर पर निगम के समाज कल्याण विभाग के त्रिलोक ताम्रकार ने यात्रा में शामिल सभी वरिष्ठ नागरिकों का तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को निगम के वाहन से दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया, जहां से वे अयोध्या धाम के लिए अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे। निगम प्रशासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की धार्मिक यात्रा को सुगम बनाने के लिए आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अयोध्या धाम की यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में राजकुंवर साहू, चंद्र प्रकाश साहू, भागवत दास साहू, लक्ष्मी बाई साहू, किशन लाल सिन्हा, नेतराम एवं विद्या कुमारी शामिल हैं।

जिले में 93 बच्चे डायबिटीज से पीड़ित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उतई, 17 नवंबर। अब मधुमेह जैसी बीमारी बच्चों को भी अपनी चपेट में ले रही है। दुर्ग जिला स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 14 वर्ष से कम उम्र के 93 बच्चे टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के माध्यम से बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

ब्लॉकवार आंकड़ों के अनुसार धमधा में 4, निकुम में 15, पाटन में 18 और दुर्ग शहर में 56 बच्चे इस बीमारी से प्रभावित पाए गए हैं।जिला नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव के अनुसार टाइप-1 डायबिटीज में शरीर में इंसुलिन बनना बंद या बहुत कम हो जाता है। यह बीमारी बच्चों में भी हो सकती है और इसका कारण अधिक मीठा खाना या गलत खानपान नहीं है।बार-बार प्यास लगना, अधिक पेशाब आना, अचानक वजन घटना, अत्यधिक भूख, कमजोरी और सुस्ती इसके प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर बच्चों की तत्काल शुगर जांच कराकर डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिरायु कार्यक्रम के तहत प्रभावित बच्चों को जिला अस्पताल दुर्ग के डीईआईसी में प्रत्येक बुधवार आयोजित डायबिटीज क्लिनिक के माध्यम से इंसुलिन, ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स, सुई और आवश्यक जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। जरूरत पड़ने पर पीएचसी एवं सीएचसी के माध्यम से भी सुविधाएं दी जाती हैं।बीएमओ निकुम डॉ. डी.के. बेलचंदन ने बताया कि नियमित इंसुलिन, ब्लड शुगर की जांच, संतुलित खानपान और डॉक्टर के फॉलोअप से टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चे भी सामान्य जीवन जी सकते हैं। गैर संचारी रोगों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने यूनिसेफ एवं एमसीसीआर के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों में सिकल सेल, बाल मधुमेह, बाल हृदय रोग और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में रुवाड़ विद्यालय ने लहराया परचम

छुरा, 17 नवंबर। जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में विकासखंड छुरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुवाड़ ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। मार्गदर्शक शिक्षक संजीत सुरोजिया के निर्देशन में विद्यालय के तीनों प्रोजेक्ट शीर्ष पांच में शामिल हुए। कक्षा 11वीं की जयमनी मरकाम और तुलेश्वरी ने धान की पराली से बायोचार बनाकर मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ाने विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयन हासिल किया। समीर और अजय ने चतुर्थ तथा कक्षा 9वीं की तानिया और मुकेश्वरी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया।

वद्यालय के मार्गदर्शक शिक्षक संजीत सुरोजिया विगत तीन-चार वर्षों से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में जुटे हैं। उनके निर्देशन में तैयार प्रोजेक्ट राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, इंस्पायर अवार्ड तथा अन्य राज्य व राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान कार्यक्रमों में लगातार चयनित होते रहे हैं।



सांसद ने तिलक लगाकर किया 45 श्रद्धालुओं का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 17 नवंबर। पाटन विधानसभा क्षेत्र के 45 श्रद्धालुओं का जत्था प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के लिए रवाना होने से पूर्व सांसद विजय बघेल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रंजनी बघेल का आशीर्वाद लेने सेक्टर-5 भिलाई स्थित उनके निज निवास पहुंचा। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने सभी श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उनकी धार्मिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह आप सभी का सौभाग्य है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन का पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े का भी आप सभी को शुभाशीष प्राप्त हो। प्रभु श्रीराम आप सभी को मानव सेवा और समाज सेवा करने की शक्ति प्रदान करें।

मनीषा ठाकुर के घर की छत पर लगे सोलर प्लांट से बिजली बिल हुआ शून्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 17 नवंबर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम लोगों के लिए आर्थिक राहत और ऊर्जा आत्मनिर्भरता का माध्यम बन रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दुर्ग जिले के सरोजनी नगर (धनोरा) निवासी श्रीमती मनीषा ठाकुर हैं, जिनके घर की छत पर लगे 3 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट ने बिजली खर्च का बोझ लगभग खत्म कर दिया है। कभी हर महीने 3 से 4 हजार रुपये तक बिजली बिल चुकाने वाली मनीषा ठाकुर के घर अब बिजली बिल शून्य आ रहा है। श्रीमती ठाकुर के घर नवंबर 2025 में सोलर प्लांट स्थापित किया गया था। इसके बाद से अब तक इस प्लांट से लगभग 3,800 यूनिट बिजली का उत्पादन हो चुका है। सौर ऊर्जा से उनकी घरेलू बिजली की जरूरतें पूरी हो रही हैं। इतना ही नहीं, अतिरिक्त उत्पादित बिजली विद्युत विभाग को देकर उन्होंने आर्थिक लाभ भी प्राप्त किया है। मनीषा ठाकुर ने बताया कि इस योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी भी सोलर प्लांट स्थापित होने के महज एक महीने के भीतर सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच गई। इससे सोलर प्लांट लगाने में आने वाला आर्थिक बोझ भी काफी कम हो गया।

घर के सामने से बाइक पार

भिलाई, 17 नवंबर। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र में टंकी मरोदा स्थित आजाद पारा से अज्ञात चोर घर के पास खड़ी बाइक पार कर ले गया स्टेशन मरोदा एचएससीएल कॉलोनी निवासी गंगासागर शाह ने अपनी बाइक दोस्त राजेश सिंह राजपूत को गन्ना लाने के लिए दी थी 14 नवंबर की रात गली में खड़ी की गई बाइक सुबह गायब मिली ।

ट्रेलर की टक्कर से उपकरण क्षतिग्रस्त

भिलाई, 17 नवंबर। भिलाई कुम्हारी स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर तेजी व लापरवाहीपूर्वक निकल रहे ट्रेलर ने यूरिया मशीन और टैंक को टक्कर मार दी हादसे में दोनों उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि पंप कर्मचारी ओमलाल पाटकर और भीखम खुटेल बाल-बाल बच गए चालक विपिन सिंह पर कुम्हारी थाने में जुर्म दर्ज किया है



आयुक्त सुरुचि सिंह की उपस्थिति में जनदर्शन, नागरिकों ने सौंपे आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 17 नवंबर। नगर निगम के सभागार में सोमवार को आयोजित जनदर्शन में नागरिकों ने अपनी मांगों एवं मूलभूत समस्याओं से संबंधित कुल तीन आवेदन निगम प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान निगम आयुक्त सुरुचि सिंह एवं उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे उपस्थित रहे। जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से अधिकारियों को अवगत कराया। निगम प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं निराकरण के लिए भेजा जाएगा। साथ ही आवेदनों पर की जा रही कार्रवाई की प्रक्रिया की निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हो सके। उल्लेखनीय है कि नगर निगम भिलाई द्वारा प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से शहरवासियों को अपनी समस्याएं सीधे निगम प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलता है।

जमीन धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 17 नवंबर। अमलेश्वर थाना क्षेत्र में ग्राम खम्हरिया में दूसरे व्यक्तियों के नाम दर्ज 6,244 वर्गफुट कृषि भूमि को स्वयं की बताकर 12 लाख रुपये में बिक्री का सौदा कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को अमलेश्वर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है अमलेश्वर टीआई मोहद तरीके ने बताया कि वर्ष 2021 में आरोपी दीपक झा ने प्रार्थी जयदीप झा (62 साल) निवासी कन्हैयापुरी तहसील एवं जिला दुर्ग को ग्राम खम्हरिया, पटवारी हल्का नंबर 09, तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 667/2 एवं 667/3, कुल रकबा 6,244 वर्गफुट को स्वयं की भूमि बताकर 12 लाख रुपये में बिक्री का सौदा किया गया था। इस संबंध में आरोपी ने 6 दिसंबर 2021 को इकरारनामा निष्पादित किया गया था जांच में उक्त भूमि रविन्द्र झा एवं पुष्पलता झा के नाम पर दर्ज होना पाया गया। आरोपी द्वारा भूमि के स्वामित्व के संबंध में गलत जानकारी देकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी किए जाने पर न्यायालय के परिवाद आदेश से अमलेश्वर थाने में धारा 318(4), 320 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध अपराध में संलिप्तता के साक्ष्य पाए जाने पर थाना अमलेश्वर थाने पुलिस ने आरोपी दीपक झा (61 साल) निवासी मारुति विहार थाना सरस्वती नगर जिला रायपुरको गिरफ्तार कर लिया है

पीपरछेड़ी में धूमधाम से मनाया गया भाई दूज मातर महोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 17 नवंबर। ग्राम पीपरछेड़ी में भाई दूज मातर महोत्सव,स्नेह मिलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।कार्यक्रम ग्राम सरपंच श्रीमती नीरा बिसाहत राम ध्रुव की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर, ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी संचालिका उप सेवा केन्द्र-खड़मा, जनपद सदस्य महेंद्र ध्रुव, गायड़बरी ग्राम पंचायत के सरपंच करण सिंह ध्रुव के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के शुभारंभ में ग्राम प्रमुख श्री गोविन्द राम यादव ने सभी अतिथियों का अपने उद्बोधन विचारों से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मातर महोत्सव हमारी मिट्टी, हमारी माँ और हमारी संस्कृति का पर्व है। यह पर्व हमें एक परिवार की तरह जोड़ता है।उन्होंने कहा कि पीपरछेड़ी का यह स्नेह मिलन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और रक्षा के संकल्प का प्रतीक है।सभी अतिथियों का गाँव में पधारना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।इसके पश्चात विशेष अतिथि श्री नीलकंठ सिंह ठाकुर जी ने सभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि मातर महोत्सव केवल लोक पर्व नहीं,यह आत्मा की यात्रा का स्मरण है। भाई दूज हमें याद दिलाता है कि संबंध देह का नहीं,आत्मा का है।जब हम एक-दूसरे को आत्मा समझें, गुणों से देखें और अवगुणों को माफ करें, तभी सच्चा स्नेह मिलन होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने गाँव को निर्वैर, निष्काम और प्रेम का गाँव बनाना है।क्रोध को शांति से, ईर्ष्या को शुभकामना से और नफरत को प्रेम से जीतना ही सच्ची मातर है।मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा - मातर अर्थात माँ की गोद, मिट्टी की गोद, संस्कृति की गोद है। जैसे बच्चा माँ की गोद में निश्चिंत हो जाता है।

जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए बिरसा मुंडा के संघर्ष को याद किया गया

छुरा, 17 नवंबर। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जन जातीय गौरव सप्ताह को लेकर भाजपा की ओर से प्रेस विज्ञप्ति का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में सिहावा के पूर्व विधायक श्रवण मरकाम शामिल हुए। उन्होंने 11 से 18 नवंबर तक मनाए जा रहे जन जातीय गौरव सप्ताह की जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जन जातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है।पूर्व सहायक श्रवण मारकाम ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपने भाईयों के लिए गए थे।के विरुद्ध ऐतिहासिक विद्रोह का नेतृत्व किया था। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों के योगदान को लेकर कहा कि वर्तमान सरकार जनजातीय समाज के विकास और उनकी शक्तियों के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें: मौलिकप्रभ जी

राजनांदगांव ,17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। आत्म लक्ष्यीय बनकर कार्य करें तो आप अवश्य सफल होंगे। जिस लक्ष्य को लेकर हम कोई काम शुरू कर रहे हैं, उस लक्ष्य को हमेशा ध्यान में रखें और फिर कार्य करें तो आप अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंचेंगे।" उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मौलिकप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री मौलिकप्रभ जी ने कहा कि अक्सर हम किसी लक्ष्य को लेकर काम शुरू करते हैं किंतु रास्ते में ही भटक जाते हैं। हम अपने लक्ष्य को भूल जाते हैं और सांसारिक कार्यों में खो जाते हैं। हमारे भाव शुद्ध होना चाहिए। कोई भी क्रिया सेंटर ऑफ पॉइंट को लक्ष्य में रखकर करें। अगर आपके केंद्र में आत्मा है और उसे लक्ष्य में रखकर काम करेंगे तो आप निश्चित ही लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। मुनि श्री मौलिकप्रभ जी ने कहा कि काम करते समय अक्सर हम अपने केंद्र बिंदु में संसार को रखकर काम करते हैं इसलिए हम लक्ष्य को पाने में असफल हो जाते हैं। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम अपने आप को ठग तो नहीं रहे हैं। पुरुषार्थ लक्ष्य को ध्यान में रखकर करें। हम बाह्य क्रिया को लक्ष्य ना बनाएं। कुछ-कुछ क्रिया है जिसे हम मजबूरीवश करते हैं। हमें लगता है कि हमारी बाह्य क्रिया एकदम सॉलिड है किंतु अंदर देखें तो पता चलता है कि हम कितने गलत हैं! मुनि श्री मौलिकप्रभ जी ने कहा कि मुझे क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इस पर चिंतन अवश्य करें ताकि हम क्रिया करते समय निश्चित रहे कि हम जो करेंगे वह सही ही करेंगे। हम जो क्रिया कर रहे हैं वह उचित है या नहीं इस पर मनन कर कार्य शुरू करें। लक्ष्य को आत्म केंद्र में रखें और उसे ही सदैव ध्यान में रखकर कार्य करें। आत्म लक्ष्य यदि केंद्र बिंदु में रहा तो आप लक्ष्य की ओर अवश्य बढ़ेंगे। हमें आत्म लक्ष्यीय बनना है,यह सोचकर कार्य करें तो हम अपने कार्यों में अवश्य सफल होंगे।



शहर में कचरा परिवहन कार्य अब नाइट शिफ्ट में भी संचालित किया जा रहा है

रायपुर ,17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।दिवाली के त्यौहारी सीजन में शहर में कचरे की मात्रा सामान्य दिन 500-700 टन से बढ़कर लगभग 850 टन हो गई थी, जिसे दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा तत्काल उपचारात्मक कार्यवाही की गई है। कचरा उठाव कार्य को सुचारू करने हेतु निगम द्वारा संबंधित एजेंसी M/s Delhi MSW Solutions Ltd. को पत्र जारी किया गया है।शहर में कचरा परिवहन कार्य अब रात्रि पाली (नाईट शिफ्ट) में भी संचालित किया जा रहा है। रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक समस्त ट्रांसफर स्टेशन से कचरा उठाव एवं परिवहन का कार्य निरंतर जारी है, ताकि दिन में ट्रैफिक के कारण बाधित उठाव कार्य की पूर्ति की जा सके। समस्त ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा केवल डिजाइनटेड कम्पक्टर में ही डालने के निर्देश दिये गये हैं तथा बाहर खुले में कचरा डालना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

पूज्य सिविल लाइंस सिंधी पंचायत का दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास से मनाया

रायपुर,17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। पूज्य सिविल लाइंस सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में समाज के सैकड़ों परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल साहिब की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। भगवान झूलेलाल की आरती महिला विंग अध्यक्ष मधु बहादुर आर्त्तवानी, लक्ष्मी छुगानी, रेनू आहूजा, मीनू रामनानी , रश्मि वाधवा, सोनम नजरानी, निकिता परवानी , सपना बजाज, महिला टीम के सदस्यों द्वारा की गई।इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष श्री संजय जेसिंध ने स्वागत उद्बोधन देते हुए समाज की एकता एवं बच्चों को शिक्षा और संस्कार से जोड़ने पर जोर दिया।महासचिव श्री मोहन वर्ल्यानी ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए पंचायत की गतिविधियों एवं समाजसेवी कार्यों की जानकारी दी।समारोह में शिक्षा, खेल, कला एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाली समाज की प्रतिभाओं तथा वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। संस्था के संरक्षण श्री कन्हैयालाल छूंगानी,श्री अमर गिदवानी, श्री गोपीचंद खत्री, श्री राजकुमार कोडवानी के अगवाई में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सुरुचिभोज का आयोजन भी हुआ।कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं में प्रमुख सहयोग इस प्रकार रहा *मंच कमेटीः युवा विंग अध्यक्ष सुशील दरीरा, सुनील छाबड़िया, नानकराम रामरख्यानी , चंदन लखानी, राजेश विधानी, संजय आहूजा,स्वागत कमेटीः दीपक खेमानी, शैलेंद्र नैनानी, विशाल नारंग सुरुचिभोज कमेटीः* हीरानंद दुलहानी, अमर संतवानी , राजेश गिदवानी मंच संचालनः राम खटवानी।आभार प्रदर्शनःसंजय जादवानी।अंत में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकता, सेवा एवं प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत की पूरी कार्यकारिणी एवं समाज के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी जतिन नाचरानी ने दी।



जनजातीय नायकों की गौरवगाथा से प्रेरणा लेकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागी बनें : मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर 17 नवंबर.मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास साहस, स्वाभिमान, संघर्ष और अपनी संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा का इतिहास है। देश की स्वतंत्रता और समाज के अधिकारों के लिए जनजातीय नायकों ने जो त्याग और बलिदान दिया है, वह हमारी अमूल्य धरोहर है। हमें अपने महान जननायकों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, आत्मनिर्भरता और विकास के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाना है तथा विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मुख्यमंत्री श्री साय आज बिलासपुर के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर लगभग 120 करोड़ रुपए की लागत के 16 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सहित देश के महान जनजातीय नायकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल फूंका और जनजातीय समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं तथा अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित किया। उन्होंने तीर-कमान के बल पर अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देकर साहस और स्वाभिमान का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत कर जनजातीय समाज के ऐतिहासिक योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए जनजातीय समाज ने 1857 की क्रांति से पहले ही संघर्ष शुरू कर दिया था। छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीर नारायण सिंह ने अकाल के समय भूख से व्याकुल लोगों की सहायता की और अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई। ऐसे महान जननायकों का संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय में प्रदेश के जनजातीय नायकों के गौरवशाली इतिहास और उनके संघर्ष की स्मृतियों को संजोया गया है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से इस संग्रहालय का अवलोकन कर अपने महान पूर्वजों के योगदान को जानने और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जनजातीय समाज के कल्याण के लिए पृथक जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन कर विकास को नई दिशा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर प्रदेशवासियों की वर्षों पुरानी आकांक्षाओं को भी साकार किया। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सम्मान, अधिकारों की रक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



वार्डों में विकास कार्य के लिए महापौर ने किया स्थल निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 नवम्बर। मूलभूत सुविधा बिजली,पानी सफाई के अलावा वार्डो में सौदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह विभिन्न वार्डो में स्थल निरीक्षण किए। निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, संबंधित वार्ड के पार्षद सहित अधिकारियो के साथ उन्होनें आम्बेडकर चैक व नंदई चैक, मोती तालाब में सौदर्यीकरण तथा अनुपंम नगर, शिवनाथ कालोनी, पुत्रीशाला, बसंतपुर कोडी खाना में विभिन्न विकास कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किया। महापौर श्री यादव आज सुबह मोती तालाब में छठ पर्व पर आयोजित पूजा में शामिल होने के पश्चात शहर में विकास कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किए। सर्वप्रथम उन्होंने मोती तालाब में घाट निर्माण के लिए अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात सौदर्यीकरण की दिशा में उन्होने आम्बेडकर चैक में बने संविधान की प्रतिकृति का सौदर्यीकरण करने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के पूर्व आवश्यकता अनुसार ग्रेनाईट



लगाकर रंगरोगन कर सौदर्यीकरण करना है। इसी कडी में उन्होनें नंदई चैक स्थित गुरू घासीदास भवन के सामने जैतखम्भ निर्माण के लिए अवलोकन कर नकटी ग्राम में बने जैतखम्भ के तर्ज पर जैतखम्भ निर्माण करने निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि जैतखम्भ निर्माण के लिए लेआउण्ट दे तथा नकटी ग्राम में जाकर जैतखम्भ देख उसके अनुसार ड्राईंग डिजाईन तैयार करे। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधा के अलावा चैक चैराहो का सौदर्यीकरण करना भी नगर निगम की प्राथमिकता है। अनुपंम नगर एस.पी. टावर रोड को चैडीकरण करने मोहल्ले वासियो की मांग पर महापौर ने अधिकारियो के साथ मार्ग का निरीक्षण कर कहा कि मोहल्ले वासियो की भावना को ध्यान में रखकर चैडीकरण के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करे। इसी प्रकार उन्होंने महादेव मंदिर परिसर में मरम्मत के तहत टाईल्स लगाने के निर्देश दिए। वार्ड विकास के तहत शिवनाथ कालोनी के पास सीमेंट रोड बनाने स्थल निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। पुत्रीशाला परिसर का निरीक्षण कर महापौर ने काम्पलेक्स निर्माण प्रक्रिया के प्रगति की जानकारी ली।

कोलियारी धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ

अंवरी,17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।15 नवंबर को नवगठित कोलियारी सोसायटी के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी गोविंद सिंह राजपूत का शपथ ग्रहण हुआ तत्पश्चात धान खरीदी का शुभारंभ किसानों को माला व गुलाल लगाकर स्वागत कर किया गया उसके बाद राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन योजना के अंतर्गत निशुल्क सरसों का वितरण किया गया। रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि सबसे पहले नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी गोविंद सिंह राजपूत जी को बहुत-बहुत बधाई, आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी की सरकार कृषक उन्नत योजना के अंतर्गत अब किसानों अगर धान नहीं बेचेंगे फिर भी प्रति एकड़ बोनस की राशि 13839 मिलेंगे। कैसे मिलेंगे समझते हैं जैसे कोई किसान एक एकड़ में 5 क्विंटल बेचता है बाकी बचे 16 क्विंटल की बोनस की राशि 659 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 10544 रुपए बिना धान बेचे किसानो की खाता में जमा होगा। यह बहुत ऐतिहासिक निर्णय है यह निर्णय लेकर विष्णुदेव साय की सरकार किसानो की हितैषी है यह साबित कर दिया है किसानों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर आनंद यदि जनपद सभापति, गोविंद सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी, देवेंद्र ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि कोलियारी, बंसीलाल साहू, धनसिंह साहू, धनसाय साहू, ईश्वर साहू उपसरपंच कोलियारी,नेमीचंद साहू शांति

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। धान खरीदी के दूसरे दिन भी जिले के उपार्जन केन्द्रों में किसानों ने उत्साहपूर्वक अपनी उपज का विक्रय किया। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 16 नवम्बर को जिले के 120 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए कुल 1078 टोकन जारी किए गए थे। इन टोकनों के माध्यम से 41 हजार 339.20 क्विंटल धान विक्रय के लिए पंजीयन किया गया था। जारी टोकनों के विरुद्ध 1032 किसानों से कुल 37 हजार 67.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस प्रकार टोकन प्राप्त करने वाले 95.73 प्रतिशत किसानों ने उपार्जन केन्द्रों में अपना धान विक्रय किया। जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद दो दिनों में कुल 1758 किसानों से 63 हजार 428.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। धान खरीदी की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 17 नवम्बर 2026 को धान विक्रय के लिए जिले के 119 उपार्जन केन्द्रों में कुल 1194 टोकन जारी किए गए हैं। इन टोकनों के माध्यम से कुल 48 हजार 295.50 क्विंटल धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप संचालित की जा रही है।

जिले में धान के अवैध भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज 16 नवम्बर 2026 को जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 278 कट्टा अर्थात 111.20 क्विंटल धान जप्त किया गया। कृषि उपज मंडी समिति डोंगरगढ़ के मंडी सचिव एवं मंडी उपनिरीक्षकों के दल द्वारा तहसील डोंगरगढ़ अंतर्गत दो स्थानों पर कार्रवाई की गई। जांच दल द्वारा ग्राम कलकसा में एक व्यापारी के यहां से 50 कट्टा अर्थात 20 क्विंटल धान तथा ग्राम ढारा में एक व्यापारी के यहां से 70 कट्टा अर्थात 28 क्विंटल धान जप्त किया गया। इस प्रकार दोनों स्थानों से कुल 120 कट्टा अर्थात 48 क्विंटल धान की जप्ती की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान संबंधित व्यापारियों द्वारा मंडी अधिनियम के अंतर्गत जारी लाइसेंस की निर्धारित सीमा से अधिक धान का संग्रहण करना तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करना पाया गया। उक्त अनियमितताओं के आधार पर मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोनों प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आज धान उपार्जन केन्द्र केसाल समिति में भी अनियमितता का मामला सामने आया। एक कृषक द्वारा 76.80 क्विंटल धान विक्रय के लिए जारी टोकन के विरुद्ध 65 कट्टा पुराना धान तथा 93 कट्टा मिश्रित धान उपार्जन केन्द्र में विक्रय के लिए लाया गया था। समिति में जांच के दौरान उक्त धान पकड़ा गया। इस पर कार्रवाई करते हुए कुल 158 कट्टा अर्थात 63.20 क्विंटल धान जप्त कर समिति की सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार आज जिले में अवैध धान भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्रवाई में कुल 278 कट्टा अर्थात 111.20 क्विंटल धान जप्त किया गया। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने तथा अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

महापौर पहुंचे मोती तालाब, छठ पर्व की दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 नवम्बर। छठ पर्व के तीसरे दिन कल शाम एवं अंतिम दिन आज सुबह महापौर श्री मधुसूदन यादव मोती तालाब पहुच कर छठ व्रत रखने वाले महिलाओ व पुरूषों को छठ पर्व की बधाई दी। उन्होंने कल शाम अस्ताचलगामी सूर्य एवं आज सुबह उगते सूरज को अध्र्य अर्पित कर शहर की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संतान की दीर्धायु व परिवार की खुशहाली एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना को लेकर मनाये जाने वाले इस त्यौहार पर मैं आप सभी के परिवारों की खुशहाली के लिये सूर्यदेव से प्रार्थना करता हूँ और इस त्यौहार को प्रतिवर्ष इसी प्रकार उमंग व उल्लास के साथ मनाये जाने की आप लोगों से अपील करता हूँ। महापौर श्री यादव ने कहा कि आस्था,पवित्रता, त्याग एवं सूर्य उपासना के इस महा पर्व के तीसरे दिन डुबते हुये सूर्य को अध्र्य देने बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष मोती तलाब में



उपस्थित हुये, और आज चैथे दिन उगते सूर्य को अध्र्य देकर 36 घण्टे का निर्जला उपवास तोड रहे है। उन्होंने कहा कि कठिन व्रत वाले इस पर्व के लिये लोगों में उत्साह है और बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोग पूजा अर्चना कर रहे है।

उन्होंने उपस्थितजनों को पुनः इस पर्व पर अपनी शुभकामना दी। छठ पूजा के दौरान मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर समिति के श्री अशोक चैधरी सहित मंदिर समिति के लोगो ने महापौर श्री यादव सहित पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के उपाध्यक्ष श्री भरत वर्मा, पूर्व महापौर श्री नरेश डाकलिया, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा व श्री शैकी बग्गा, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद श्री प्रमोद झंझाडे, श्री सतीश साहू, पार्षद प्रतिनिधि श्री नदान सेन को सम्मानित किए। उपस्थित जनप्रतिनिधियो ने भी छठ पर्व की बधाई दी।

बिना वैध दस्तावेज के संचालित क्लिनिक और अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा

खैरागढ़, 17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।जिले में बिना वैध पंजीयन एवं आवश्यक दस्तावेजों के संचालित क्लिनिकों और अस्पतालों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई डॉ. अनिल शुक्ला के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की एनएचए टीम ने ग्राम कुरुभाठ एवं ठेलकाडीह में संचालित चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 नवंबर 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम कुरुभाठ में श्री संतोष बैरागी द्वारा संचालित क्लिनिक का निरीक्षण किया। इस दौरान क्लिनिक संचालक द्वारा संचालन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।



इस पर संबंधित क्लिनिक को बंद करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में टीम ने ठेलकाडीह स्थित एसएस हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा भी संचालन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने एसएस हॉस्पिटल को भी बंद करने हेतु निर्देशित किया।

बिना वैध पंजीयन संचालन स्वीकार्य नहीं-स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध पंजीयन एवं आवश्यक अनुमति और दस्तावेजों के किसी भी क्लिनिक अथवा अस्पताल का संचालन नियमानुसार स्वीकार्य नहीं है। आम नागरिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। इसी उद्देश्य से जिले में ऐसे संस्थानों की जांच और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस निरीक्षण एवं जांच कार्रवाई में एनएचए के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद असलम, डॉ. बोधन परते, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एच.एस. साहू एवं डॉ. पंकज वैष्णव उपस्थित रहे।

जनहित में आगे भी जारी रहेगा अभियान-सीएमएचओ डॉ. अनिल शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि आमजन के हित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। बिना वैध दस्तावेजों के संचालित चिकित्सा संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई की जाएगी।।

प्रदेश में अब तक लगभग 5.65 लाख क्विंटल धान की खरीदी

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के सेन्द्री से किया धान खरीदी महाअभियान का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 17 नवंबर.किसानों की मेहनत को सम्मान और उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर जिले के सेन्द्री स्थित धान उपार्जन केंद्र से खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान खरीदी महाअभियान का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने इसके एक दिन पूर्व 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से प्रदेशव्यापी धान खरीदी महाअभियान का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेशभर में धान खरीदी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और विभिन्न जिलों में उपार्जन की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।



5 लाख 64 हजार 470 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका-राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों की सुविधा के लिए इस वर्ष कुल 3100 धान उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 2,847 केंद्रों में टोकन जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जबकि 2,030 केंद्रों में धान खरीदी शुरू हो गई है। धान खरीदी अभियान के तहत शाम 7 बजे तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल 5 लाख 64 हजार 470 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें 3 लाख 26 हजार 110 क्विंटल मोटा धान एवं 2 लाख 16 हजार 482 क्विंटल पतला धान तथा 21 हजार 877 क्विंटल सरना धान शामिल है।

सर्वाधिक बालोद जिले में 67,125.20 क्विंटल धान का उपार्जन-जिलावार धान खरीदी के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आज सर्वाधिक बालोद जिले में 67,125.20 क्विंटल धान का उपार्जन हुआ है। वहीं राजनांदगांव जिले में 64,095.60 क्विंटल और महासमुंद जिले में 56,454 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है।

उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित खरीदी, टोकन व्यवस्था तथा पारदर्शी प्रक्रिया-प्रदेश में धान खरीदी के लिए की गई व्यापक व्यवस्थाओं से किसानों को अपनी उपज के विक्रय के लिए सुविधाजनक अवसर मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित खरीदी, टोकन व्यवस्था तथा पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार किसानों की आर्थिक समृद्धि, कृषि क्षेत्र के विकास और अन्नदाताओं को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

बड़े आरोप लगाने से कुछ होता तो हो गया होता

राजनीति में बड़े बड़े आरोप लगाने से कुछ नहीं होता है। राजनीति में महज आरोप लगाने से कुछ होता तो अब तक देश में १२ साल में बहुत कुछ हो चुका होता।आरोप लगाने से १२ साल में कुछ नहीं हुआ तो आरोप लगाने वालों को समझ आ जाना चाहिए कि आरोप लगाने से कुछ नहीं होता है। उनके आरोप लगाने से अब तक कुछ नहीं हुआ तो आने वाले समय में भी कुछ नहीं होना है। राहुल गांधी जैसे आरोप लगाने वाले तो १२ साल से आरोप लगा रहे हैं कि लोकतंत्र खतरे में है,संविधान खतरे में हैं। देश में लोकतंत्र की हत्या कर दी गई है,चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा व संघ ने कब्जा कर लिया है, मीडिया निष्पक्ष नहीं रह गया है।राहुल गांधी इतने आरोप लगा चुके हैं कि उनके पास लगाने को अब कोई नया आरोप नहीं बचा है,यही वजह है कि अब वह आरोपों को दुहराते रहते हैं।वह सोचते हैं उनके आरोप लगाने का कभी तो कोई असर होगा। लेकिन वह मुगालते में है, उनके लगाए आरोपों का देश की जनता पर कोई असर नहीं होता है क्योंकि देश की जनता को मोदी पर जितना भरोसा है,उतना राहुल गांधी पर नहीं है। राहुल गांधी आरोपों को दोहरा कर अपनी साख कम करते जा रहे हैं,उनको यह समझ ही नहीं आ रहा है कि वह अपनी साख खुद कम कर रहे हैं।

हैदराबाद में राहुल गांधी ने फिर एक बार पुराने आरोप लगाए हैं,एक भी आरोप नया नहीं है। उन्होंने 'फासीवादी ताकतों' के उभार की बात की। यह पहले भी कह चुके हैं, उन्होंने कहा कि जब संस्थाएं और व्यवस्थाएं ढहने लगती हैं, तो ऐसी ताकतें अक्सर ज्यादा मुखर हो जाती हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अक्सर व्यापार, शिक्षा और राजनीति जैसे प्रभावशाली क्षेत्रों में ऊंचे पदों पर काबिज होते हैं। ऐसे लोग दूसरों की बात सुनने के बजाय चिल्लाकर बातचीत पर हावी होने की कोशिश करते हैं।अगर यही फासीवादी होने का लक्षण हैं तो देश की जनता तो देखती है संसद में बहस करने की बजाय कौन सबसे ज्यादा शोरगुल करता है।राहुल गांधी के तर्क के हिसाब से संसद में विपक्ष फासीवादी आचरण करता है।राहुल गांधी ने 2014 के लोकसभा चुनावों का भी जिक्र करते इसे भारतीय राजनीति में एक बड़ा मोड़ बताया। क्योंकि इस चुनाव के दौरान राजनीतिक व्यवस्था में इतनी बड़ी मात्रा में पैसा आया, जिसने उन स्थापित चुनावी व्यवस्थाओं को बिगाड़ दिया, जिनकी वजह से पहले कड़े मुकाबले होते थे और गठबंधन सरकारें बनती थीं।यानी राहुल गांधी लोकतंत्र में बहुमत वाली व्यवस्था को खराब और गठबंधन वाली कमजोर सरकार वाली राजनीतिक व्यवस्था को अच्छा बता रहे हैं।वह एक तरह से कह रहे हैं कि यह देश की जनता की गलती है कि उसने बहुमत वाली सरकार बनाई और बार बार बहुमत वाली सरकार बना रही है यानी राहुल गांधी के हिसाब से तो जनता बार बार गलती कर रही है फिर राहुल गांधी कहते हैं कि हमने इसका पता लगा लिया है और बिना किसी संदेह के यह साबित कर दिया है कि 2014 में भारत में लोकतंत्र को नष्ट कर दिया गया था।" यह भी कोई नई बात नहीं है राहुल गांधी कई बार कह चुके हैं कि देश में लोकतंत्र नहीं है। राहुल गांधी की बात पर देश की जनता को यकीन नहीं होता है क्योंकि जनता तो देख चुकी हैं कि देश में जब लोकतंत्र नहीं रहता है तो आपातकाल लगा दिया जाता है,सरकार के खिलाफ बोलने वालों को जेल में डाल दिया जाताहै। अदालत होते हैं लेकिन अदालत में कोई सुनवाई नहीं होती है। किसी का कोई अधिकार नहीं रह जाता है। २०१४ के बाद से १२ साल हो गए है देश में लोकतंत्र नहीं है और देश की जनता को इसका पता नहीं चल रहा है तो सीधी सी बात है कि राहुल गांधी जिस परिवार से आते हैं,उसका देश में लोकतंत्र होने का यही मानना है कि हम सत्ता में नहीं है तो देश में लोकतंत्र नहीं है। हम सत्ता में नहीं हैं तो देश में हालात बहुत खराब हैं, हम सत्ता में नहीं है तो देश में सब कुछ बहुत बुरा है। राहुल गांधी कहते हैं कि पिछले एक दशक में बीजेपी की संपत्ति 11 गुना बढ़ गई है तो यह अडानी आदि अमीरों के हित में काम करने के कारण है तो एक समय कांग्रेस के पास सभी राजनीतिक दलों से ज्यादा संपत्ति या पैसा हुआ करता था,तब क्या कांग्रेस भी अमीरों को हित में काम करती थी। सच तो यह है कि कांग्रेस को फंड अब अमीर घरानों से मिलना बंद हो गया है क्योंकि वह पैसा या तो सत्ता में रहनेवालों को देते हैं या फिर उस राजनीतिक दल को देते है जो सत्तारूढ दल का विकल्प होता है यानी राजनीतिक रूप से दूसरे नंबर पर होता है, जिसके सत्ता में आने की सबसे ज्यादा संभावना होती है तो कायदे से दूसरे नंबर पर कांग्रेस है फिर भी उसे कम फंड मिल रहा है तो इसका कारण राहुल गांधी हैं क्योंकि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस से सत्ता में लौटन की कोई उम्मीद नहीं है,इसलिए अमीर घराने कांग्रेस को कम पैसा चंदा देते हैं। अपने संबोधन के आखिर में, गांधी ने भरोसा जताया कि विपक्ष मोदी को हरा देगा और प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को खत्म कर देगा। उन्होंने कहा, "मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूँ कि हम पीएम मोदी को हराने जा रहे हैं और उनसे छुटकारा पाने जा रहे हैं। कोई उनसे पूछता कि क्या आप बता सकते हैं कि आप पीएम मोदी को कैसे हराएंगे तो वह इसका कोई जबाब नहीं देते क्योंकि एक चुनाव की जगह तीन चुनाव में वह पीएम मोदी को हराने की जगह हार चुके है,चौथे चुनाव में जीतने की उनकी कोई तैयारी नहीं है।उन पर देश की जनता के अलावा विपक्ष के नेता भी पूरा भरोसा नहीं करते हैं कि वह राज्य में चुनाव जीत सकते हैं या जिता सकते हैं.यही वजह है वह कांग्रेस को ज्यादा सीटें नहीं देते हैं, ऐसा भी कभी नहीं हुआ कि दिल्ली से कहा गया कि कांग्रेस नेताओं को दिल्ली आना है तो बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता दिल्ली नहीं पहुंचे। इसके लिए भी राहुल गांधी दोषी हैं क्योंकि वह कांग्रेस को कई राज्यों में भी चुनाव नहीं जिता पा रहे हैं,कांग्रेस के सत्ता में नहीं रहने पर राज्य कांग्रेस के पास भी इतना पैसा नहीं है कि वह हजारों नेताओं को अपने पैसे पर दिल्ली भेज सके।राहुल गांधी पराजित नेता हैं,कमजोर नेता हैं,इसलिए कांग्रेस पराजित पार्टी है,कमजोर पार्टी है।

विश्लेषण

जितनी उन्नत टेक्नोलॉजी उतनी ज्यादा धोखाधड़ी की आशंका

संजीव ठाकुर



तकनीक तेजी से आगे बढ़ी, लेकिन आम आदमी की समझ अब भी काफी पीछे है। विज्ञान और तकनीक ने मनुष्य के जीवन को बहुत तेजी से बदल दिया है। इंटरनेट, मोबाइल, डिजिटल बैंकिंग और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने दुनिया को हमारी मुट्ठी में समेट दिया है। आज घर बैठे बैंक का काम हो सकता है, हजारों किलोमीटर दूर बैठे व्यक्ति से बात की जा सकती है और कुछ ही सेकंड में दुनिया भर की जानकारी मिल सकती है। लेकिन इस तेजी से बदलती दुनिया के साथ एक बड़ा खतरा भी सामने आ रहा है। सवाल यह है कि क्या आम आदमी की समझ भी तकनीक के साथ उतनी ही तेजी से बढ़ी है? खासकर भारत जैसे विकासशील देश में जहां की जनसंख्या इतनी विशाल है एवं इसका बड़ा प्रतिशत गांव में निवास करता है जिम तकनीकी ज्ञान की जानकारी की संभावनाएं अत्यंत कम है। इसका जवाब बहुत संतोषजनक नहीं है।आज मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसका सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाए, इसकी जानकारी जनसंख्या के बड़े प्रतिशत को नहीं है। यही कमी धोखेबाजों के लिए सबसे बड़ा मौका बन रही है। अधूरी जानकारी, जल्दबाजी, लालच और दूसरों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा लोगों को आर्थिक नुकसान की ओर धकेल रहा है। कई बार लोगों को अपनी गलती का पता तब चलता है, जब उनके बैंक खाते से जीवनभर की कमाई निकल चुकी होती है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के आंकड़े इस खतरे की गंभीरता बताते हैं। वर्ष 2025 में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर आर्थिक धोखाधड़ी की लगभग 24.02 लाख शिकायतें दर्ज हुईं और करीब 22,495 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की सूचना दी गई। वर्ष 2021 में यह रकम लगभग 551 करोड़ रुपये थी। इन आंकड़ों से समझा जा सकता है कि इंटरनेट और डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ आर्थिक धोखाधड़ी का खतरा भी कितना बढ़ गया है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब धोखाधड़ी के तरीके भी बदल गए हैं। पहले कोई व्यक्ति फोन करके बैंक अधिकारी बनता था और लोगों से ओटीपी या बैंक की जानकारी मांगता था। लेकिन अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से किसी परिचित व्यक्ति की आवाज की नकल की जा सकती है। किसी अधिकारी या बड़े व्यक्ति का नकली वीडियो बनाया जा सकता है। तस्वीर और आवाज इतनी असली लग सकती हैं कि सामान्य व्यक्ति के लिए सच और झूठ में अंतर करना मुश्किल हो जाए। इस तरह की नकली तस्वीरों और वीडियो को डीपफेक कहा जाता है। भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया ने भी नवंबर 2024 में इस तरह के खतरों को लेकर चेतावनी दी थी।

जरा सोचिए, किसी बुजुर्ग व्यक्ति के पास उसके बेटे की आवाज में फोन आता है कि वह किसी मुसीबत में फंस गया है और उसे तुरंत पैसों की जरूरत है। आवाज बेटे जैसी है, बात करने का तरीका भी वैसा ही है और परेशानी की बात सुनकर माता-पिता घबरा जाते हैं। वे बिना जांच किए पैसे भेज देते हैं। बाद में पता चलता है कि फोन करने वाला उनका बेटा नहीं, बल्कि कोई धोखेबाज था। इसी तरह कुछ लोग पुलिस अधिकारी या जांच एजेंसी का अधिकारी बनकर वीडियो कॉल करते हैं। वे लोगों को डराते हैं कि उनके नाम से कोई अपराध हुआ है और उन्हें घर में ही जांच पूरी होने तक नजरबंद रहना होगा। इस डर से कई लोग अपनी जमा पूंजी तक दे देते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि भारत में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कानूनी व्यवस्था नहीं है। कोई भी पुलिस अधिकारी वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को इस तरह घर में बंद रहने का आदेश नहीं दे सकता।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का गलत इस्तेमाल केवल बैंक खातों से पैसे निकालने तक सीमित नहीं है। नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, नकली निवेश योजनाएँ, ऑनलाइन सामान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, फर्जी सरकारी योजनाएँ, मोबाइल एप के माध्यम से ठगी और सोशल मीडिया पर लोगों को ब्लैकमेल करना भी इसके उदाहरण हैं। अब धोखेबाजों के लिए अच्छी भाषा में संदेश लिखना, नकली वेबसाइट बनाना और लोगों को अपनी बातों में फंसाना पहले से कहीं आसान हो गया है। इस काम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उनकी मदद कर रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी बैंकिंग और आर्थिक लेन-देन में इस तरह की धोखाधड़ी के खतरों को लेकर चिंता जताई है। नकली आवाज, वीडियो और संदेश के जरिए लोगों की पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे साफ है कि आने वाले समय में केवल बैंक और सरकार की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होना पर्याप्त नहीं होगा। आम नागरिक को भी जागरूक होना पड़ेगा। यहाँ एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है कि क्या डिजिटल इंडिया का अर्थ केवल हर हाथ में मोबाइल और हर व्यक्ति के बैंक खाते तक इंटरनेट की सुविधा पहुँचाना है? क्या मोबाइल चलाना और ऑनलाइन पैसे भेज देना ही डिजिटल ज्ञान है? वास्तव में डिजिटल ज्ञान का अर्थ यह भी है कि हम सही और गलत संदेश में अंतर कर सकें, किसी अनजान व्यक्ति पर तुरंत भरोसा न करें और अपनी निजी तथा बैंक संबंधी जानकारी को सुरक्षित रखना जानें।

गाँवों, छोटे शहरों और बुजुर्गों के सामने यह समस्या और भी गंभीर है। बहुत से लोग मोबाइल का उपयोग तो करते हैं, लेकिन उन्हें यह जानकारी नहीं होती कि किसी को ओटीपी बताने से कितना बड़ा नुकसान हो सकता है। अनजान लिंक खोलने, किसी के कहने पर नया एप डाउनलोड करने या मोबाइल की स्क्रीन दूसरे व्यक्ति को दिखाने से भी धोखाधड़ी हो सकती है। कई लोग यह भी नहीं जानते कि पैसे प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होती। क्यूआर कोड स्कैन करने और पिन डालने के मामले में भी सावधानी जरूरी है।

इस समस्या का समाधान मोबाइल और इंटरनेट से दूरी बनाना नहीं, बल्कि उनका सही इस्तेमाल सीखना है। हर व्यक्ति को कुछ जरूरी बातें याद रखनी चाहिए। अपना ओटीपी, बैंक का पासवर्ड और यूपीआई पिन किसी को न बताएं। बैंक का अधिकारी बनकर फोन करने वाले व्यक्ति पर भरोसा न करें। कोई परिचित अपनी आवाज में पैसे मांगे तो उसके पुराने मोबाइल नंबर पर फोन करके पहले पुष्टि कर लें। अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी भी योजना में बिना जांच किए पैसे न लगाएं। सोशल मीडिया पर मिलने वाले हर समाचार और वीडियो को सच न मानें।

सरकार, बैंक, स्कूल, कॉलेज और सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में काम करना होगा। गाँवों और छोटे शहरों में लोगों को सरल भाषा में डिजिटल सुरक्षा की जानकारी दी जानी चाहिए। बुजुर्गों और कम पढ़े-लिखे लोगों को विशेष रूप से समझाना होगा कि ऑनलाइन ठगी से कैसे बचा जा सकता है। यह केवल तकनीकी शिक्षा का विषय नहीं, बल्कि आम नागरिक की आर्थिक सुरक्षा का सवाल है।

यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन पैसे की धोखाधड़ी हो जाए तो उसे तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन करना चाहिए। शिकायत करने में देरी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि समय पर सूचना मिलने से ठगी की रकम को आगे दूसरे खातों में जाने से रोकने की संभावना बढ़ सकती है। यह समझना जरूरी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपने आप में न अच्छा है और न बुरा। उसका उपयोग किस काम के लिए किया जा रहा है, यह सबसे महत्वपूर्ण है। यही तकनीक मनुष्य के जीवन को आसान भी बना सकती है और गलत हाथों में पड़कर उसे बड़ी मुसीबत में भी डाल सकती है। आज भारत को केवल तकनीक में आगे बढ़ने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने नागरिकों को तकनीक के सही और सुरक्षित उपयोग की जानकारी देने की भी जरूरत है। सरकार, बैंक, मीडिया, शिक्षण संस्थानों और समाज को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। हमें याद रखना चाहिए कि हाथ में महंगा स्मार्टफोन होना और समझदार डिजिटल नागरिक होना दो अलग-अलग बातें हैं। तकनीक का असली लाभ तभी मिलेगा, जब उसके साथ हमारी समझ और सावधानी भी बढ़ेगी।

राशिफल

मेष राशि मेष राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता और लाभ लेकर आ सकता है। कारोबार में धन लाभ होने के संकेत हैं। वहीं, राजनीति से जुड़े लोगों की किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में फायदेमंद साबित होगी।

वृषभ राशि आज आपको जरूरी कामों और जिम्मेदारियों पर विशेष ध्यान देना होगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि, सेहत और कानूनी मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है।

मिथुन राशि आज दूसरों के निजी मामलों में दखल देने से बचें। घर में नौकरी या करियर से जुड़ी किसी बात पर चर्चा हो सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें और संतान से किया हुआ वादा जरूर पूरा करें।

कर्क राशि आज काम का दबाव और जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। परिस्थितियां आपकी परीक्षा ले सकती हैं, इसलिए धैर्य बनाए रखें। परिवार और कार्यक्षेत्र के बीच संतुलन बनाकर चलना आपके लिए जरूरी होगा।

सिंह राशि सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन खास रह सकता है। कोई बड़ी सफलता आपको प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिल सकती है।

कन्या राशि आज धन लाभ और पैतृक संपत्ति से फायदा मिलने के संकेत हैं। आपके प्रयासों को सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। हालांकि, मानसिक शांति बनाए रखने के लिए खुद को सकारात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखें।

तुला राशि आज वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी की भावनाओं को समझना जरूरी होगा। संतान से किया हुआ वादा पूरा करें। किसी उलझन या महत्वपूर्ण फैसले में पिताजी की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

वृश्चिक राशि आज संपत्ति खरीदने से जुड़ी योजनाएं आगे बढ़ सकती हैं। किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिलने के संकेत हैं। हालांकि, अपनी निजी योजनाओं और जरूरी बातों को हर किसी के साथ साझा करने से बचें।

धनु राशि आज यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके काम आएगी। बड़ी जिम्मेदारी आपको प्राप्त होगी। अपनी जिम्मेदारियों को टालने से बचें और जरूरी काम समय पर पूरा करने का प्रयास करें।

मकर राशि आज जीवनसाथी के साथ घूमने-फिरने या कहीं बाहर समय बिताने का अवसर मिल सकता है। इससे आपसी नजदीकियां बढ़ेंगी और रिश्ते में प्रेम व मधुरता बनी रहेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ के योग योग बनेंगे।

कुंभ राशि आज आपकी समझदारी और सूझबूझ विरोधियों की चाल को नाकाम कर सकती है। घर में कोई आपसे मिलने आ सकता है। माता-पिता का सहयोग और आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

मीन राशि आज आप आमदनी बढ़ाने और बचत के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। शेयर बाजार में निवेश करते समय जोखिम को समझना जरूरी होगा। संतान से किया वादा पूरा करें। छात्रों के लिए बड़ी खुशखबरी आज दिन लेकर आ सकता है।

चर्चित मुद्दा

सटीक जनसंख्या आँकड़ों के बिना नीतियों की सफलता अधूरी

डॉक्टर सत्यवान सौरभ

लोकतंत्र में शासन की सफलता केवल योजनाएँ बनाने और बजट आवंटित करने से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इस बात से तय होती है कि सरकार की नीतियाँ समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को कितना समझती हैं। किसी देश की जनसंख्या कितनी है, उसमें बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक समूहों की हिस्सेदारी क्या है, कितने लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और कितने शहरी क्षेत्रों में, कितने परिवार गरीबी, अशिक्षा तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं—इन सभी प्रश्नों का व्यवस्थित उत्तर जनगणना से मिलता है। इसलिए जनगणना केवल लोगों की गिनती करने की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक वास्तविकताओं को समझने का सबसे व्यापक माध्यम है। भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और बहुस्तरीय समाज में विश्वसनीय जनगणना आँकड़ों का महत्त्व और भी बढ़ जाता है। वर्ष 2011 के बाद प्रस्तावित जनगणना 2027 इसलिए ऐतिहासिक महत्त्व रखती है, क्योंकि इसके माध्यम से देश को लंबे अंतराल के बाद नई जनसांख्यिकीय तस्वीर प्राप्त होगी। डिजिटल तकनीक, ऑनलाइन डेटा संग्रह और वास्तविक समय में निगरानी जैसी व्यवस्थाएँ इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हैं। लेकिन तकनीक का इस्तेमाल तभी सार्थक होगा, जब आँकड़ों की शुद्धता, निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो।

विश्वसनीय जनगणना का पहला और सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। भारत में खाद्य सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी अनेक योजनाएँ जनसंख्या संबंधी आँकड़ों पर निर्भर करती हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थियों की पहचान हो या प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवासीय आवश्यकताओं का आकलन, सटीक आँकड़े नीति निर्माण की बुनियाद तैयार करते हैं। यदि जनगणना में किसी क्षेत्र की आबादी कम दर्ज होती है, तो वहाँ वास्तविक आवश्यकता के अनुपात में संसाधन नहीं पहुँच पाते। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीबों, प्रवासी श्रमिकों, बेघर लोगों और वंचित समुदायों को उठाना पड़ता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष संसाधनों का न्यायसंगत वितरण है। सरकार को यह तय करना होता है कि कहाँ नए विद्यालय खोले जाएँ, किन क्षेत्रों में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की आवश्यकता है, कहाँ सड़क, पेयजल और परिवहन सुविधाओं का विस्तार किया जाए तथा किस क्षेत्र में रोजगार और कौशल विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता मिले। उदाहरण के लिए, तेजी से बढ़ती शहरी आबादी वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन, आवास और स्वच्छता सुविधाओं की माँग अधिक होती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि आधारित आधारभूत संरचना और शिक्षा की विशेष आवश्यकता हो सकती है। जनगणना के विश्वसनीय आँकड़े इन प्राथमिकताओं को निर्धारित करने में सहायता करते हैं। जनगणना का लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व से भी गहरा संबंध है। लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया में जनसंख्या संबंधी आँकड़ों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। जनसंख्या में होने वाले बदलावों को समझे बिना राजनीतिक प्रतिनिधित्व में संतुलन स्थापित करना कठिन है। इसी प्रकार वित्त आयोग को राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण संबंधी सिफारिशें तैयार करने में जनसांख्यिकीय तथ्यों सहित अनेक मानकों का सहारा लेना पड़ता है। इस प्रकार जनगणना के आँकड़े केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं, बल्कि संघीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक संतुलन के भी आधार हैं। हालाँकि, विश्वसनीय जनगणना सुनिश्चित करना आसान कार्य नहीं है। भारत की भौगोलिक विविधता, विशाल जनसंख्या, सामाजिक विषमताएँ और तेजी से बदलती जीवनशैली इसके सामने अनेक चुनौतियाँ प्रस्तुत करती हैं। सबसे बड़ी चुनौती जनसंख्या की सही गणना सुनिश्चित करना है। प्रवासी श्रमिक, बेघर नागरिक, घुमंतू समुदाय, दूरदराज के आदिवासी समूह और अस्थायी रूप से रहने वाले लोग अक्सर गणना की प्रक्रिया से छूट सकते हैं। महानगरों में काम की तलाश में आने वाले श्रमिकों का निवास अस्थायी होता है। ऐसे लोगों की सही गणना और उपयुक्त स्थान पर उनका पंजीकरण एक जटिल प्रशासनिक चुनौती है। यदि ये समूह आँकड़ों से बाहर रह जाते हैं, तो उनकी वास्तविक समस्याएँ भी नीतिगत प्राथमिकताओं में पीछे छूट सकती हैं। दूसरी चुनौती डिजिटल असमानता है। जनगणना में मोबाइल एप्लीकेशन, डिजिटल उपकरणों और ऑनलाइन निगरानी का उपयोग प्रक्रिया को तेज तथा व्यवस्थित बना सकता है, लेकिन देश के सभी क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाएँ समान रूप से उपलब्ध नहीं हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी, बिजली की अनियमित आपूर्ति, तकनीकी उपकरणों की अनुपलब्धता और डिजिटल साक्षरता का अभाव दूरस्थ ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कठिनाइयाँ पैदा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, तकनीकी प्रणाली में गड़बड़ी या डेटा अपलोड करने में त्रुटि भी आँकड़ों की गुणवत्ता प्रभावित कर सकती है। तीसरी चुनौती मानवीय और प्रशासनिक त्रुटियों से जुड़ी है। जनगणना का बड़ा हिस्सा गणनाकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने पर आधारित होता है। यदि गणनाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण न मिले या प्रश्नों की व्याख्या में एकरूपता न हो, तो गलत जानकारी दर्ज हो सकती है। कई बार उत्तरदाता भी सामाजिक संकोच, जानकारी के अभाव अथवा सरकारी लाभ प्रभावित होने की आशंका के कारण सही जानकारी देने से बचते हैं। भाषा, स्थानीय बोलियों और सामाजिक परिस्थितियों की विविधता इस समस्या को और जटिल बनाती है। इसके साथ ही निजता और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा का प्रश्न भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। डिजिटल युग में नागरिकों के मन में यह आशंका हो सकती है कि उनके द्वारा दी गई व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग किया जाएगा। यदि लोगों को यह विश्वास नहीं होगा कि उनकी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी, तो वे जनगणना में सहयोग करने से हिचक सकते हैं। इसलिए डेटा सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि जनगणना की विश्वसनीयता से जुड़ा सामाजिक और लोकतांत्रिक प्रश्न भी है।

युद्ध (व्यंग्य)

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



ज़िला पर्यावरण एवं सैन्य पुनर्वास प्राधिकरण के भव्य वातानुकूलित सभागार के बाहर पुराने नीम के चबूतरे पर बहत्तर साल के बलवंत सिंह हर शुक्रवार सुबह ठीक दस बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में पीतल की एक पुरानी तोप के गोले का जंग लगा खोल और सूती लाल कपड़े में बंधी एक मुट्ठी काली राख हमेशा मौजूद रहती थी जिसे वे अपनी मैली धोती के पल्ले से बार-बार पोंछते रहते थे। उन्हें चबूतरे पर बैठा देखा तो हाथ में पकड़ी गर्म चाय का कुल्हड़ मेज़ पर पटकते हुए ठहाका लगाकर बोला कि "बाबा जब आज पूरे प्रदेश में जंग के मैदानों में प्रकृति की रक्षा का डंका बज रहा है और राजधानी से बड़े-बड़े पर्यावरण विशेषज्ञ नई चमचमाती गाड़ियों में भाषण देने आए हैं तो इस जंग लगे कबाड़ खोल और राख की पोटली को रोज़ अपनी छाती से चिपकाकर यहाँ क्या भीख मांगने का नया तमाशा खड़ा करते हो।" बलवंत सिंह अपनी धुंधली ऐनक को ठीक करते और बहुत धीमी लड़खड़ाती आवाज़ में मुस्कुराकर कहते कि "बेटा यह मुट्ठी भर राख केवल जली हुई मिट्टी नहीं है बल्कि इस पूरे महकमे की वो अंधी संवेदनहीनता है जिसने युद्ध के नाम पर हमारे पुरखों के हरे-भरे जंगलों को कागजों की फाइलों में बारूद बनाकर हमेशा के लिए फूंक दिया है।" आसपास खड़े तमाम बाबू और दलाल उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि "लगता है इस बुढ़ापे में इस फौजी का दिमाग पूरी तरह सठिया गया है जो युद्ध और पर्यावरण दिवस के पावन उत्सव को अपनी हठ की भेंट चढ़ाने चला आया है।" बलवंत सिंह किसी की बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस पीतल के खोल पर जमी कालिख को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और गाड़ियों का इंतज़ार करते रहते थे। पुनर्वास प्राधिकरण के सभी बाबू और पर्यावरण अधिकारी बलवंत सिंह की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से भलीभांति परिचित हो चुके थे और उन्हें एक सिरफिरा बुज़ुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी सीमावर्ती पर्यावरण बहाली कोष और हरित छावनी योजना की नई फाइलों का पुलिंदा लेकर मुख्य आयुक्त के वातानुकूलित केबिन की तरफ बढ़ता तो बलवंत सिंह बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि "बाबू जी क्या आज उस तोपखाना अभ्यास रेंज में तबाह हुए पुश्तैनी देवदार के जंगल और मुआवजे वाले आवेदन पर साहब के दस्तखत हो गए।" बाबू गुस्से में फाइलें पटकते हुए डांटकर कहता कि "अरे बाबा जब तक सेटेलाइट मैपिंग पोर्टल पर तुम्हारी जमीन का वार ज़ोन क्लीयरेंस और ड्रोन सर्वे अपलोड नहीं होगा तब तक फूटी कौड़ी नहीं मिलेगी और तुम इस पीतल के भोंपू को लेकर ताउम्र यहीं चक्कर काटते रहोगे।" बलवंत सिंह बिना किसी प्रतिवाद के वापस अपनी जगह पर जाकर बैठ जाते और उस मुट्ठी भर राख को उस पीतल के खोल में वापस उड़ेलने का निरर्थक प्रयास करने लगते थे जो हर बार एक बेबस सिसकी बनकर हवा में उड़ जाती थी। कस्बे के लोग आपस में तरह-तरह की बातें करते थे कि शायद बाबा अपने किसी पुराने ज़मीनी झगड़े के लिए यह सब कर रहे हैं लेकिन किसी को भी उस गोले के खोल और युद्ध में पर्यावरण शोषण रोकथाम दिवस के इस भव्य आयोजन के बीच छुपे भयानक रहस्य की ज़रा सी भी भनक नहीं थी। दोपहर में अचानक रक्षा एवं पर्यावरण मंत्रालय के प्रमुख सलाहकार महोदय युद्ध और सशस्त्र संघर्ष में पर्यावरण के शोषण की रोकथाम के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता करने और नए युद्धक्षेत्र वन संवर्धन प्रोजेक्ट का लोकार्पण करने मुख्यालय पहुँचे। साहब की गाड़ी का सायरन बजते ही पूरे परिसर में खलबली मच गई और आनन-फानन में स्वागत के लिए नए डिजिटल फ्लेक्स बोर्ड और लाल कालीन बिछाया जाने लगा ताकि कोई कमी न दिखाई दे। मंच पर दीप प्रज्वलन और युद्ध की विभीषिका में जंगलों एवं जलस्रोतों को ज़हरीले हथियारों से बचाने के वैश्विक संकल्प पर लंबा भाषण देने के बाद जब प्रमुख सलाहकार महोदय पत्रकारों की भीड़ के साथ बाहर निकले तो उनकी नज़र चबूतरे पर शांत बैठे बलवंत सिंह पर पड़ी जिनकी गोद में वही पीतल का खोल रखा था। अपनी संवेदनशील और जनप्रिय छवि का प्रदर्शन करने के लिए साहब तुरंत मीडिया कर्मियों को साथ लेकर बलवंत सिंह के पास पहुँचे और बड़े आदर से बोले कि "बुज़ुर्गवार आज के इस पावन दिन पर हम प्रकृति और सीमाओं के प्रहरियों को नमन करते हैं बताइए आपकी क्या पीड़ा है क्या आपको विभाग की इको-वारियर पुनर्वास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है जिसे मैं तुरंत स्वीकृत करवाऊँ।" बलवंत सिंह ने अपनी पथराई आँखों से प्रमुख सलाहकार को देखा और अपने कांपते हाथों से वह पीतल का खोल और राख की पोटली आगे बढ़ाते हुए बोले कि "साहब जी अगर वाकई न्याय करना चाहते हैं तो ज़रा इस पीतल के खोल पर जड़े इस सरकारी पट्टे का सच पहचान ली

जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किसानों से धान खरीदी की शुरुआत

रुद्रारम और भोपालपटनम में धान खरीदी का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 17 नवंबर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत भोपालपटनम विकासखंड के रुद्रारम एवं भोपालपटनम धान उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलम गणपत, समिति अध्यक्षों सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

धान खरीदी शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने किसानों का स्वागत करते हुए उन्हें धान खरीदी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में किसानों को शासन की कृषक उन्नति योजना की जानकारी भी दी गई। उन्हें योजना के लाभ, पात्रता एवं आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करना शासन की प्राथमिकता है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और कृषक उन्नति योजना किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

वहीं, कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। किसानों की सुविधा के लिए टोकन, तौल, बारदाना एवं पेयजल जैसी व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

रासेयो शिविर का आयोजन कोठीगांव में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 17 नवंबर। कचना धुवा महाविद्यालय-छुरा के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रखंड के वनांचल ग्राम कोठीगांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ *दि. 12/11/2026 से दि. 18/11/2026 तक* हायर सेकण्डरी स्कूल प्रांगण, कोठीगांव में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष शिविर की थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा रखी गई है।शिविर का शुभारंभ ,शुक्रवार को सायं 6.00 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री श्यामलाल सोरी जी (अध्यक्ष, शाला विकास समिति कोठीगांव)* रहे। अध्यक्षता श्री टी.के. यादव जी (महाविद्यालय प्रबंध समिति सदस्य)ने की। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना है। इस शिविर में युवा नशा मुक्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और ग्राम विकास के लिए कार्य करेंगे।पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापक श्री लवन साहू* ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिविर जीवन की सबसे बड़ी पाठशाला है। यहाँ सीखा गया अनुशासन और सेवा भाव ही विद्यार्थी के भविष्य को दिशा देता है।

समाचार संक्षेप

आतिशबाजी के बीच ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक का समापन, विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



बीजापुर, 17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। समापन समारोह में आकर्षक आतिशबाजी की गई। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।समारोह में अतिथियों ने खिलाड़ियों की खेल भावना, अनुशासन और मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। बस्तर ओलंपिक ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। इसके जरिए स्थानीय युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिल रहा है।समापन अवसर पर हुई रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने समारोह को यादगार बना दिया। पुरस्कार मिलने पर विजेता खिलाड़ियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। आयोजन का समापन खेल भावना और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने के संदेश के साथ हुआकार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य के अलावा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

चक्रवाती तूफान 'अकवान' को लेकर बीजापुर में अलर्ट, किसानों को सतर्क रहने की सलाह

बीजापुर, 17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बंगाल की खाड़ी में उठ रहे चक्रवाती तूफान 'अकवान' के प्रभाव से बीजापुर जिले में 20 से 21 नवंबर के बीच बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों और पशुपालकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।कृषि विभाग ने किसानों से कहा है कि धान, मक्का सहित तैयार खरीफ फसलों की कटाई जल्द पूरी कर लें और कटी हुई फसल को सुरक्षित एवं सूखे स्थानों पर रखें। खुले में रखी फसल को तिरपाल या प्लास्टिक शीट से अच्छी तरह ढकें, ताकि बारिश से उपज खराब न हो। साथ ही खेतों में जल निकासी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।विभाग ने पशुपालकों को सलाह दी है कि मवेशियों और मुर्गियों को खुले स्थानों पर न रखें, बल्कि सुरक्षित एवं मजबूत शेड में रखें। इससे तेज हवाओं और बारिश के दौरान पशुधन को नुकसान से बचाया जा सकेगा।कृषि विभाग ने किसानों से आगामी दिनों में मौसम संबंधी सूचनाओं पर नजर रखने और मौसम के अनुसार कृषि कार्यों की योजना बनाने की अपील की है। उप संचालक कृषि, जिला बीजापुर ने सभी किसानों एवं पशुपालकों से जारी सलाह का पालन करने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

एसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने किया सीमावर्ती थाना नेलसनार का आकस्मिक निरीक्षण



बीजापुर, 17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने सीमावर्ती थाना नेलसनार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के दैनिक कार्यों, रोजनामचा, अपराध पंजी, मालखाना, शस्त्रागार और हवालात का अवलोकन किया। उन्होंने थाना प्रभारी एवं विवेचकों को लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग और गुमशुदगी के मामलों का समय-सीमा में निराकरण करने तथा न्यायालय में जल्द चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एसपी ने थाना परिसर एवं कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और पुलिस बल में अनुशासन बनाए रखने पर भी जोर दिया। सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर उन्होंने सरहदी बाजारों में सतत निगरानी, नियमित गश्त और प्रभावी नाकाबंदी करने के निर्देश दिए। साथ ही एमसीपी के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने को कहा। इस निरीक्षण का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराध नियंत्रण एवं पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है।

एक नजर

शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को मिला आदर्श शिक्षक सम्मान



छुरा, 17 नवंबर (तछसं.)। सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था दिशाबोध विभूति मंच छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट कार्यों का अभिनंदन किया गया। साथ ही शगुन चिरैया पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत देवकर साहेब थे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार रामेश्वर शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य विरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सभापति टीकाराम कंवर, मीना डेमू साहू, जनपद सदस्य केवल राम कंवर, सरपंच भोजराम साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवानंद गौतम, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मणी मानेश्वर ध्येय सहित प्रबुद्धजन मंचासीन रहे। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा को राज्य स्तरीय 'आदर्श शिक्षक सम्मान' से सम्मानित किया गया। शिक्षा, योग, स्काउटिंग, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने अपने कार्यों के माध्यम से शिक्षा के प्रसार, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, योग के प्रति जागरूकता, स्काउटिंग गतिविधियों तथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज के प्रति उनकी सक्रिय सहभागिता और रचनात्मक कार्यों ने उन्हें एक समर्पित शिक्षक के साथ-साथ साहित्य एवं संस्कृति के प्रति प्रतिबद्ध व्यक्तित्व के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाई है। यह सम्मान उनके वर्षों के परिश्रम, निष्ठा और बहुआयामी योगदान का गौरवपूर्ण प्रतिफल है। उनकी उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि नगर एवं समूचे क्षेत्र के लिए भी गर्व और प्रेरणा का विषय है। शिक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्तित्वों का इस प्रकार सम्मान किया जाना समाज में सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। समारोह में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान कर उनकी उपलब्धियों को मंच प्रदान किया गया। आयोजन ने समाजसेवा, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और जनकल्याण के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करने वाले लोगों का उत्साहवर्धन किया। अर्जुन धनंजय सिन्हा को प्राप्त आदर्श शिक्षक सम्मान उनकी कर्मनिष्ठा, सामाजिक प्रतिबद्धता और बहुआयामी प्रतिभा का सम्मान है। उनकी यह उपलब्धि निश्चित रूप से युवा पीढ़ी, शिक्षकों तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और समाजहित में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगी। सिन्हा ने मिले सम्मान का संपूर्ण श्रेय अपने माता पिता डॉ. के.आर. सिन्हा, राम बाई सिन्हा तथा कला कुमार सिन्हा, विमला सिन्हा एवं सभी गुरुजनों, बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद को दिया। सक्षम दिव्यांग विद्यालय के बच्चों के द्वारा बहुत सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी गई। बांस गीत की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। सिन्हा को सम्मानित किए जाने पर वरिष्ठ साहित्यकार भोला राम सिन्हा, श्रवण कुमार साहू %प्रखर%, जितेन्द्र साहू, चिन्ता राम सिन्हा, संतोष सोनकर, ललित साहू, नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु, देवनारायण यदु, भारत स्वाभिमान न्यास के जिलाध्यक्ष संतराम कंवर, श्रीराघवेंद्र मानस संघ के अध्यक्ष जागेश्वर ध्रुव, शाकंभरी मरार समाज के प्रांतीय संचालक हेमलाल पटेल, नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संतोष निषाद एवं कृष्णेश यदु सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

अध्यक्ष लुकेश्वरी के नेतृत्व में नगर पंचायत छुरा ने रायपुर संभाग में प्राप्त किया प्रथम स्थान

छुरा, 17 नवंबर (तछसं.)। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत आयोजित स्वनिधि महोत्सव में नगर पंचायत छुरा ने रायपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के साथ नगर पंचायत छुरा ने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है।नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंग निषाद के नेतृत्व में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों एवं फुटकर व्यवसायियों को आर्थिक सहायता और स्वरोजगार को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है।अध्यक्ष श्रीमती निषाद ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल नगर पंचायत का नहीं, बल्कि छुरा के पथ विक्रेताओं, हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नगर के छोटे व्यापारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है।

नगर में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती एवं दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम, 17 नवंबर। सर्व गुप्ता समाज गीदम द्वारा नगर स्थित श्री राम धर्मशाला प्रांगण में सोमवार को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती एवं दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमरगुंडा आश्रम के स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवकुमार गुप्ता ने किया। समारोह में राजाराम वेट्टी, लल्लू प्रसाद गुप्ता, जुग्गी लाल गुप्ता, शिवनारायण गुप्ता, जगदीश शिवहरे, राजकुमार गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, रमेश गुप्ता, प्यारेलाल जायसवाल, राम आसरे जायसवाल, कैलाश गुप्ता, कामता गुप्ता, रामकिशोर गुप्ता, मोहन गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता एवं जागेश्वर गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दंतेवाड़ा से गुरुबंधु सिन्हा और श्री साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्र'वलन एवं आरती के साथ हुई। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले वेदांश शिवहरे, हर्षित शिवहरे, आदित्य जायसवाल एवं श्रुति शिवहरे तथा एमबीबीएस डॉक्टर शालिनी शिवहरे का सम्मान किया गया। वहीं कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वंश शिवहरे, ओम शिवहरे एवं श्रेया गुप्ता सहित अन्य मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड एवं चांदी का सिक्का देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता और ब'चों के लिए धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। साथ ही जीपीएल कमेटी एवं आयोजन समिति के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में श्रीराम धर्मशाला समिति के अध्यक्ष शिवदयाल गुप्ता एवं सर्व गुप्ता समाज के अध्यक्ष संतोष गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में अंकित गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में उपस्थित लोगों के लिए स्नेह भोज की व्यवस्था भी की गई थी। समारोह में वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम ने समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

एल-1,एल-2 भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी पर तत्काल अपना पक्ष रखे एनएमडीसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

किरंदुल, 17 नवंबर। एल 1 एवं एल 2 भर्ती प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी को लेकर नगर पालिका परिषद किरंदुल के उपाध्यक्ष बाबलू सिद्दीकी ने एनएमडीसी प्रबंधन से मांग की है कि वह किसी भी संभावित आंदोलन की स्थिति उत्पन्न होने से पूर्व संबंधित अभ्यर्थियों, स्थानीय युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर इस विषय पर गंभीरता से चर्चा करे तथा भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी के वास्तविक एवं स्पष्ट कारणों से सभी संबंधित पक्षों को अवगत कराए।उन्होंने कहा कि एल 1 एवं एल 2 भर्ती प्रक्रिया से क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं की उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थी असमंजस की स्थिति में हैं। प्रबंधन की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के कारण युवाओं में निराशा एवं आक्रोश लगातार बढ़ रहा है।बाबलू सिद्दीकी ने कहा कि एनएमडीसी जैसे प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के प्रति बड़ी उम्मीदें हैं। ऐसे में भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर प्रबंधन की चुप्पी उचित नहीं है। यदि किसी प्रशासनिक, तकनीकी अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से भर्ती प्रक्रिया में विलंब हो रहा है, तो प्रबंधन को पारदर्शिता के साथ इसकी वास्तविक स्थिति और आगे की समय-सीमा सार्वजनिक करनी चाहिए।उन्होंने एनएमडीसी प्रबंधन से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार का आंदोलन प्रारंभ होने से पहले अभ्यर्थियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर उनका पक्ष सुना जाना चाहिए और इस समस्या का सकारात्मक एवं सम्मानजनक समाधान निकाला जाना चाहिए ना की पुरे शहर को बड़े बड़े गेट लगाकर दो भागो में बांटकर होने वाले आंदोलन को रोकने की कोशिश करना चाहीये, इस बार अगर आंदोलन हुआ तो वो छोटे स्तर तक सिमित नहीं रहेगा दंतेवाड़ा सुकमा एवं बीजापुर जिले के युवाओं में एनएमडीसी की भर्ती प्रक्रिया को लेकर काफ़ी ज़्यादा रोष है!यदि प्रबंधन समय रहते इस विषय पर गंभीरता नहीं दिखाता और युवाओं की जायज मांगों की अनदेखी जारी रहती है, तो आने वाले दिनों में प्रस्तावित आंदोलन केवल एक सामान्य आंदोलन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।अंत में उन्होंने एनएमडीसी प्रबंधन से अपील की कि वह युवाओं के भविष्य एवं क्षेत्र की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल संवाद की पहल करे, भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी के कारण स्पष्ट करे तथा एल 1 एवं एल 2 भर्ती प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे।



जनजातीय समाज के विकास, शिक्षा और विरासत के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 17 नवंबर। जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय महापुरुषों के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आज गांधी मैदान गरियाबंद में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जनजातीय कला, संस्कृति, पारंपरिक लोकनृत्य, वेशभूषा और जीवनशैली की आकर्षक झलक देखने को मिली। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं को मंच पर जीवंत किया गया। इस दौरान मंत्री श्री बघेल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्कूली बच्चों के 4 दल को 15- 15 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनजातीय विद्यार्थियों एवं नागरिकों को मंच से सम्मानित किया गया। साथ ही पीएम आवास एवं अन्य योजनाओं से भी हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंह सोरी, सर्व आदिवासी समाज जिला गरियाबंद के अध्यक्ष उमेन्दी कोर्राम, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, भुजिया समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ग्वाल सिंह सोरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा पारस ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहन ध्रुव, श्रीमती मीरा ठाकुर, श्रीमती मोहना नेताम एवं श्रीमती पद्मलया निधि, वरिष्ठ नागरिक सहित विभिन्न जनपद पंचायतों के जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।



भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और योगदान को किया नमन -इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री दयालदास बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में देशभर में जनजातीय समाज के गौरव, इतिहास और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को जागरूक करने और जल, जंगल, जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनका योगदान केवल जनजातीय समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के आसीन होने का उल्लेख करते हुए इसे जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल और अन्य सुविधाओं का विस्तार होने से दूरस्थ गांवों तक विकास पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को आवास, सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

संजय बैस ने किया भर्रीटोला में नवीन धान खरीदी केंद्र एवं सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ

पहले ही दिन 8 किसानों से 340 क्विंटल धान की खरीदी, किसानों को अब अपने ही गांव में मिलेगी धान बेचने की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 17 नवंबर। कुसुमकसा जनपद क्षेत्रांतर्गत ग्राम भर्रीटोला क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। किसानों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। भाजपा नेता एवं जनसेवक संजय बैस के हाथों ग्राम पंचायत भर्रीटोला में नवीन सेवा सहकारी समिति एवं धान खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। नवीन सेवा सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 308 के प्रारंभ होने से अब भर्रीटोला सहित आसपास के गांवों के किसानों को धान बेचने के लिए दूरस्थ खरीदी केंद्रों तक जाने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। किसानों को अपने ही गांव में धान विक्रय की सुविधा मिलने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

नवीन धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता संजय बैस रहे, जबकि अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती आशा आर्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भर्रीटोला की सरपंच श्रीमती राजकुमारी देहरी, ग्राम पंचायत राजही के सरपंच गौतम



राणा, पूर्व सरपंच माखन कोठारी, संतोष जैन, भाजपा नेता कमलकांत साहू, पुष्पजीत बैस एवं पंकज जेठवानी उपस्थित रहे

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि संजय बैस ने फीता काटकर नवीन सेवा सहकारी समिति एवं धान खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसानों एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का आत्मीय एवं जोशीला स्वागत किया।शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि संजय बैस ने पहले किसान गोपीराम को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनकी उपज का वजन कराकर धान खरीदी की औपचारिक शुरुआत की। पहले ही दिन केंद्र में 8 किसानों से लगभग 340 क्विंटल धान की खरीदी की गई। अपने गांव में ही धान विक्रय की सुविधा मिलने से किसानों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय बैस ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए अत्यंत उत्साह और गौरव का दिन है। भर्रीटोला एवं आसपास के किसानों की लंबे समय से मांग थी कि उनके गांव में ही नवीन सेवा सहकारी समिति एवं धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूसरे गांवों में भटकना न पड़े। किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मैंने लगातार प्रयास किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी के आशीर्वाद एवं सहयोग से आज यह सपना साकार हो पाया है।उन्होंने कहा कि नवीन समिति प्रारंभ होने से अब किसानों को केवल धान बेचने की सुविधा ही नहीं मिलेगी, बल्कि खाद, बीज एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी कृषि संबंधी सुविधाओं का लाभ भी अपने गांव में ही मिल सकेगा। यह किसानों के समय, श्रम और परिवहन खर्च की बचत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।संजय बैस ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किए जाने का निर्णय किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, निर्धारित खरीदी मानकों के अंतर्गत किसानों की वास्तविक उपज कम होने की स्थिति में अंतर की राशि सीधे उनके खातों में अंतरित करने की व्यवस्था भी किसानों को राहत देने वाली पहल है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति और अंतिम किसान तक पहुंचे।स्वागत भाषण देते हुए ग्राम पंचायत भर्रीटोला की सरपंच राजकुमारी देहरी ने कहा कि आज हमारे गांव और पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। हम सभी क्षेत्रवासी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हमारे गांव में नवीन सेवा सहकारी समिति एवं धान खरीदी केंद्र की सौगात दी। अब हमारे किसान भाइयों को धान बेचने के लिए दूसरे गांवों में नहीं जाना पड़ेगा। खाद, बीज एवं केसीसी जैसी सुविधाएं भी गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगी।उन्होंने विशेष रूप से संजय बैस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के किसान लंबे समय से इस मांग को उठा रहे थे। संजय बैस ने किसानों की इस समस्या को अपनी जिम्मेदारी समझकर लगातार प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप आज हमारा वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ है। इसके लिए मैं पंचायत एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से उनका हृदय से धन्यवाद करती हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद सदस्य आशा आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकास और जनसमस्याओं के निराकरण के प्रति प्रदेश की भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता आज धरातल पर दिखाई दे रही है। हमारे क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो रहे हैं। आज का दिन विशेष रूप से गौरवशाली है, क्योंकि हमारे पूर्वजों और क्षेत्र के किसानों का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ है। अब किसानों को अपने ही गांव में धान बेचने की सुविधा मिलेगी। यह पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है कार्यक्रम के अंत में समिति प्रबंधक विनोद यादव ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, किसानों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर हरेसिंग गुनेंद्र, ग्राम पटेल तुलेश राम मसियारे, कृष्ण नायक, पोषण धनकर, सर्वे राम, रामाधीन कुरेटी, गजेंद्र गुनेंद्र, डोमन गुनेंद्र, झगरू करेंद्र, गुलशन कोठारी, प्रताप भुरखुरिया, मोतीलाल इस्दा, गोदावरी बाई सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित

एक नजर

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 30 नवंबर तक आवेदन

रायगढ़, 17 नवम्बर। पुसौर के गायत्री मंदिर वार्ड क्रमांक 07 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए पुनः आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र महिलाएं 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। पूर्व में इस पद के लिए 23 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें चार आवेदन प्राप्त हुए थे। हालांकि, किसी भी आवेदिका द्वारा वार्ड क्रमांक 07 का पार्षद निवास प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किए जाने के कारण मूल्यांकन समिति ने 13 नवंबर की बैठक में सभी आवेदनों को निरस्त करने का निर्णय लिया। इसके बाद पुनः आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल डु22.द्गड्ढद्धड्डह्लह्वह्व.द्बठ्ठ के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। भर्ती से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं नियम-शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती की अनंतिम मूल्यांकन सूची जारी

रायगढ़, 17 नवम्बर। एकीकृत बाल विकास परियोजना पुसौर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र औरदा-3 में सहायिका के एक रिक्त पद पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर अनंतिम मूल्यांकन सूची जारी कर दी गई है। मूल्यांकन समिति की बैठक में आवेदनों की जांच के बाद अनंतिम मूल्यांकन पत्रक परिशिष्ट-4 में प्रकाशित किया गया है। अभ्यर्थी 25 नवंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल aww.ebharti.in के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अनंतिम मूल्यांकन सूची का अवलोकन परियोजना कार्यालय के सूचना पटल एवं संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र में भी किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें: कलेक्टर



रायगढ़, 17 नवम्बर। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्थाओं, उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधाओं एवं सुरक्षा, अवैध धान के परिवहन पर निगरानी तथा मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत में उद्योगों की सहभागिता से कार्ययोजना तैयार करने संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने 15 नवंबर से जिले में शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सहकारी समितियों एवं उपार्जन केंद्रों में खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। उन्होंने कहा कि धान विक्रय के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खरीदी कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी के दौरान अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने जांच नाकों पर तैनात कर्मचारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने तथा उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपार्जन केंद्रों एवं सहकारी समितियों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अवैध धान के मामलों में नियमानुसार तत्काल कार्रवाई करने को कहा।बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों और आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी विभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और उनका निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जिले के 11 समितियों में धान खरीदी शुरू, पहले दो दिनों में 53 किसानों से 2,506.40 क्विंटल धान की खरीदी

कलेक्टर ने पटेलपाली और गढ़उमरिया धान उपार्जन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 17 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो गई है। अब तक जिले की 11 समितियों में खरीदी प्रारंभ हो चुकी है। पहले दिन दो किसानों ने 638 क्विंटल धान का विक्रय किया। वहीं 16 नवंबर को 51 किसानों से 1,868.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस तरह पहले दो दिनों में कुल 53 किसानों से 2,506.40 क्विंटल धान खरीदा गया है। वहीं 17 नवंबर के लिए 55 किसानों को 3,374.40 क्विंटल धान विक्रय के टोकन जारी किए गए हैं।

धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने



उपार्जन केंद्र पटेलपाली और गढ़उमरिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। केंद्रों में पेयजल, बैठने, छांव, बारदाना और तौल सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहें। साथ ही धान का सुरक्षित भंडारण भी सुनिश्चित किया जाए।

112 उपार्जन केंद्रों में होगी धान खरीदी

इस वर्ष जिले की 79 समितियों के अंतर्गत 112 उपार्जन केंद्रों में 84 हजार 501 पंजीकृत किसानों से धान खरीदा जाएगा। किसानों का कुल पंजीकृत रकबा 1,21,690.325 हेक्टेयर है। पिछले खरीफ विपणन वर्ष में 69 समितियों के 105 केंद्रों के माध्यम से खरीदी की गई थी। इस वर्ष 10 समितियों और 7 उपार्जन केंद्रों की वृद्धि की गई है।

अवैध धान परिवहन पर रहेगी निगरानी

अवैध धान की आवक रोकने के लिए जिले में 20 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। यहां तीन पालियों में 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके अलावा सभी 10 तहसीलों में उड़नदस्ता दल गठित किए गए हैं। कोचियों-बिचौलियों और अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

तुंहर टोकन एप से घर बैठे मिलेगा टोकन

किसानों की सुविधा के लिए तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से 24 घंटे ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। किसान ओटीपी आधारित पंजीयन के बाद एप से टोकन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा समिति स्तर पर भी टोकन जारी किए जा रहे हैं। इससे किसानों को टोकन के लिए समितियों में लंबी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

गुणवत्ता के अनुरूप होगी धान खरीदीउपार्जन केंद्रों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप साफ-सुथरा और पर्याप्त सूखा धान ही खरीदा जाएगा। धान में नमी की अधिकतम सीमा 17 प्रतिशत निर्धारित है। तौल इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र से की जाएगी। प्रत्येक केंद्र में किसान हेल्पडेस्क, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान के लिए 2,441 रुपये और ग्रेड-ए धान के लिए 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। जिला प्रशासन द्वारा सभी उपार्जन केंद्रों की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि वास्तविक किसानों से नियमानुसार धान खरीदी हो और उन्हें धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बाल दिवस पर जिला स्तरीय पावर क्विज प्रतियोगिता में लैलूंगा एवं पुसौर के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 17 नवम्बर। बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 14 नवंबर को पुसौर विकासखण्ड के ग्राम लारा के तरंग ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय पावर क्विज प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की 28 टीमों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में आत्मानंद विद्यालय पुसौर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तमनार की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं वरिष्ठ वर्ग में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लैलूंगा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा के माध्यम से प्रतिभागी टीमों का चयन किया गया। इसके बाद अंतिम चरण में सामान्य ज्ञान, ऊर्जा एवं विद्युत, चित्र आधारित प्रश्न और त्वरित उत्तर दौर के माध्यम से विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता, तार्किक कौशल और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का परीक्षण किया गया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को टैबलेट, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, ऊर्जा एवं विद्युत के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामान्य ज्ञान, तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना था। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के साथ उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख श्री सुभाष ठाकुर रहे। अवसर पर जिला मिशन समन्वयक श्री आलोक स्वर्णकार, महाप्रबंधक एम. श्रीनाथ, सुष्मिता रेड्डी, उदयगिरि वी.वी.एस. श्रीनिवास राव, अपर महाप्रबंधक जाकिर खान तथा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता को लेकर 18 नवंबर को होगी जिला स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 17 नवम्बर। लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले में मतदाता जागरूकता से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में संचालित प्रतियोगिताओं के अंतिम चरण के तहत 18 नवंबर को जिला स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। इसमें विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित श्रेष्ठ विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, मताधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के साथ उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जाएगा।

निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों तथा महाविद्यालयों में 2 नवंबर से 18 नवंबर तक तीन स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विभिन्न चरण आयोजित किए जा रहे हैं। विधानसभा स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए सात अधिकारियों एवं शिक्षकों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। इनमें किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय तथा शासकीय पी.डी. कॉमर्स महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों को हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का दायित्व सौंपा गया है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के तीन व्याख्याताओं को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने संबंधित अधिकारियों को 18 नवंबर को प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आवश्यक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उसी दिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर श्रेष्ठ 10 विद्यार्थियों की चयन सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

सिमगा धान उपार्जन केंद्र में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 17 नवंबर। धान खरीदी सीजन के तहत सिमगा धान उपार्जन केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। खरीदी केंद्र में किसानों की उपज का तौल एवं खरीदी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जारी है।

केंद्र में 6 किसानों का टोकन जारी होने के बाद कुल 129 क्विंटल धान की खरीदी की गई।धान खरीदी के दौरान मंडी अध्यक्ष छोटू यादव एवं नोडल अधिकारी अलका कुजूर सहित जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संतोष साहू, रामकुमार देवांगन, टेबू देवांगन, पार्षद अनुप तिवारी, विष्णु जायसवाल, हरि सोनकर, विकास सोनकर सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।धान खरीदी केंद्र में टोकन व्यवस्था के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। किसानों की उपज का निर्धारित प्रक्रिया के तहत तौल कर खरीदी की जा रही है। धान की आवक के साथ ही केंद्र में खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा एवं व्यवस्थित उपार्जन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 18 नवम्बर को

दुर्ग, 17 नवम्बर। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिले के तीनों विकासखंडों के युवा कलाकारों के लिए है। जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत-विकसित भारत चैलेंज ट्रेक, लोक नृत्य, लोक गीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव युथ रील चैलेंज, पारंपरिक वेशभूषा और रॉकबैंड। प्रतिभागी अपनी संबंधित सामग्री स्वयं लाएँगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजन में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष और 18 से 40 वर्ष तक संगीतकार की आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में होना चाहिए।

समाचार संक्षेप

कृषक उन्नति योजना के नए दिशा-निर्देश जारी, किसानों को बधाई: स्वाधीन जैन

दल्लीराजहरा, 17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और खेती की लागत कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन ने महत्वाकांक्षी 'कृषक उन्नति योजना' के नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस निर्णय का भाजपा नेता स्वाधीन जैन ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।नई व्यवस्था खरीफ 2026 से प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगी। इसके तहत खरीफ 2026 में बोए गए धान के विपणन वर्ष 2026-27 में मार्कफेड द्वारा उपार्जित धान तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा उपार्जित धान बीज के रकबे पर किसानों को प्रति एकड़ समान आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।इस प्रावधान से सामान्य धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ बीज उत्पादन करने वाले किसानों को भी योजना का लाभ मिलेगा। इससे किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि उपकरणों पर होने वाले खर्च में राहत मिलने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।योजना का उद्देश्य किसानों की खेती संबंधी लागत को कम करना, कृषि उत्पादन को प्रोत्साहित करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। इसके साथ ही बीज उत्पादन को बढ़ावा मिलने से राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीजों की उपलब्धता भी बेहतर होगी।स्वाधीन जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कृषक उन्नति योजना के नए दिशा-निर्देश किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुरूप विष्णु देव साय सरकार गांव, गरीब और किसान के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह निर्णय प्रदेश के किसानों की समृद्धि और छत्तीसगढ़ को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



पीएम जनमन से लेकर धरती आबा अभियान तक, रायगढ़ के जनजातीय अंचल में विकास को मिल रही नई गति

रायगढ़, 17 नवम्बर। जिले के दूरस्थ वनांचलों और जनजातीय बहुल क्षेत्रों में विकास की नई तस्वीर उभर रही है। शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से अब इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

जिले में इन योजनाओं के माध्यम से आवास, सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आवश्यक सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है।पीएम जनमन से 25 पीवीटीजी बसाहटों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तारपीएम जनमन योजना के तहत जिले की 25 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) बसाहटों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 468.24 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसके अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में अब तक 83.52 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। आवास निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। स्वीकृत 173 पक्के आवासों में से 171 का निर्माण पूरा हो चुका है। इसी तरह 13 संपर्क सड़कों में से 8 का निर्माण पूर्ण हो गया है, जबकि शेष 5 सड़कों का कार्य प्रगतिरत है।पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण काम हुआ है। कुल 327 घरों में पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। तीन आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण तथा 55 अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने का कार्य भी शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इनमें 28 घरों को ग्रिड और 27 घरों को सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युतीकृत किया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित की जा रही हैं। इनमें मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के 2 वाहनों के माध्यम से 5 बसाहटों में भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आधार कार्ड निर्माण में 99.13 प्रतिशत, किसान क्रेडिट कार्ड में 99.22 प्रतिशत, सिकलसेल जांच में 86.30 प्रतिशत तथा आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में 91.05 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। वहीं जनधन बैंक खाते और व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र वितरण में भी क्रमशः 87.04 प्रतिशत प्रगति हासिल हुई है।जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जिले में विशेष शैक्षणिक संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। जिले के 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में 708 बालक और 760 बालिकाओं सहित कुल 1,468 विद्यार्थियों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दी जा रही है।वहीं मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय में 179 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा के साथ जेईई, नीट और एनटीएसई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जा रही है।

जनजातीय समाज विकास का सक्रिय भागीदार होने के साथ ही देश का नेतृत्व भी कर रहा: नितिन नवीन

रायगढ़, 17 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन ने रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ स्थित दशहरा मैदान में आयोजित भव्य जनजातीय गौरव सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान, नक्सलवाद के खात्मे, लोक आस्था के महापर्व छठ और देश के विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए।

अपने संबोधन की शुरुआत में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्री नितिन नवीन ने समस्त देशवासियों, झारखंडवासियों और जनजातीय समाज के सभी भाई-बहनों को %जनजातीय गौरव दिवस% की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित कर इस समाज को उसका उचित सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में स्पष्ट है कि हम जनजातीय समाज के साथ मिलकर ही देश का विकास देखते हैं। %विकसित भारत% के संकल्प को सिद्धि तक तभी पहुंचाया जा सकता है, जब हम जनजातीय समाज को साथ लेकर आगे बढ़ें। श्री नवीन ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि



आज देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के साथ-साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी जनजातीय समाज से आते हैं, जो यह दर्शाता है कि आज यह समाज न केवल विकास का सक्रिय भागीदार है, बल्कि देश का नेतृत्व भी कर रहा है। नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से जड़ों से समाप्त करना जनजातीय समाज के सम्मान से जुड़ा है। प्रधानमंत्री जी ने छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और झारखंड जैसे राज्यों से नक्सल समस्या को जड़ से समाप्त करने का जो संकल्प लिया था, वह आज जमीन पर पूरा होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रधानमंत्री जी ने बस्तर के जंगलों में जाकर वीर सपूतों और सैनिकों के साथ दीपावली मनाकर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अब नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। आज जिस बस्तर में कभी बंदूक उठाने वालों की चर्चा होती थी, वहां आज बस्तर ओलंपिक और खेल के मैदानों की चर्चा होती है। सरकार के निरंतर प्रयासों से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के घोर नक्सल प्रभावित इलाके भी आज नक्सल मुक्त होकर मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर श्री नवीन ने सभी छठ व्रतियों को प्रणाम करते हुए बिहार के 14 करोड़ निवासियों और देशभर के श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अनुशासन, शुद्धता और पवित्रता का यह महापर्व आज विश्वभर में बिहार की संस्कृति की पहचान बढ़ा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिहारियों का यह स्वभाव है कि वे उगते हुए सूरज के साथ-साथ डूबते हुए सूरज को भी नमन करते हैं, क्योंकि जो डूबता है उसका उदय भी निश्चित होता है। इसी भाव के साथ आज बिहार पुनः विकास के रथ पर सवार होकर अपना गौरवशाली इतिहास और वैभव स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।एक प्रमुख परियोजना के नामकरण के संदर्भ में स्थिति स्पष्ट करते हुए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि वर्ष 2012 में श्री नीतीश कुमार जी ने ही इस परियोजना की नींव रखी थी और उसी वर्ष इसका डीपीआर बनना शुरू हुआ था। 2015 के चुनाव से पूर्व इसका शिलान्यास भी संपन्न हो गया था। अतः जिन्होंने इसकी नींव रखी थी, बिहार को मिलने वाले उनके निरंतर सहयोग और आज भी मिल रहे उनके मार्गदर्शन के सम्मान में सबकी सहमति से इस परियोजना का नामकरण किया गया है।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं, समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



रायगढ़, 17 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और मांगें गंभीरता से सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम पंचायत ऐंकरा के जगदीश सिदार ने गांव में मुक्तिधाम एवं आहता निर्माण की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम दर्रीडीह के भक्तराम प्रधान ने बताया कि कृषि विद्युत कनेक्शन के लिए काफी समय पहले आवेदन देने के बावजूद अब तक उन्हें कनेक्शन नहीं मिल पाया है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम रेंगालपाली की गौरी गुप्ता ने बताया कि उन्हें जन्म से ही सुनने में परेशानी है। उन्होंने श्रवण संबंधी समस्या के समाधान के लिए श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने की मांग रखी। इसी तरह मितानिन श्रीमती सरिता चौहान ने मितानिनों की जिला चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराने तथा वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद ऑपरेशन में लंबी प्रतीक्षा के कारण हो रही परेशानियों की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया।ग्राम अमलडीहा के छबि राम ने नक्शा बंटवारे के लिए आवेदन देने के बावजूद अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं होने की जानकारी देते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की। वहीं ग्राम सूपा के गजपति रात्रे ने स्वयं को दिव्यांग बताते हुए दैनिक कार्यों में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया ।

एक नजर

आईसीआईसीआई लाइफने लॉन्च किया नया इंडेक्स फंड

मुंबई 17 नवंबर। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड कंपनी की ज्यादातर यूलिप योजनाओं के साथ उपलब्ध होगा। इसके जरिए निवेशक बीएसई 500 में शामिल 50 मजबूत वित्तीय स्थिति और शेयर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज करने वाली कंपनियों में निवेश कर सकेंगे। फंड का उद्देश्य निवेशकों को लंबी अवधि में संपत्ति बनाने का अवसर देना है। इसके लिए कंपनियों का चयन रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट-टू-इक्विटी और प्रति शेयर आय जैसे मानकों के आधार पर किया जाएगा। पोर्टफोलियो की समीक्षा हर तिमाही में होगी। कंपनी के अनुसार, 30 सितंबर 2026 तक इस इंडेक्स ने सात वर्षों में 23.7 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। यह फंड आईसीआईसीआई लाइफ की विभिन्न यूलिप योजनाओं के साथ उपलब्ध होगा।

मोबाइल से आसानी से कटा धान खरीदी का टोकन

बलौदबाजार, 17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के साथ ही किसानों में उत्साह का माहौल है। किसान अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से मोबाइल पर ही धान खरीदी का टोकन प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम खैरघटा के किसान सुयश अग्रवाल लगभग 9 एकड़ कृषि भूमि में उत्पादित करीब 250 कट्टा धान बेचने के लिए सोसाइटी पहुंचे। श्री अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन टोकन काटा, जो बेहद आसानी और सुविधाजनक तरीके से कट गया। इससे उन्हें टोकन के लिए सोसाइटी के चक्कर नहीं लगाने पड़े और समय की भी बचत हुई। उन्होंने कहा कि इस बार धान बेचने को लेकर किसानों में काफी उत्साह और खुशी है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस वर्ष किसान यदि निर्धारित 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा से कम धान बेचते हैं, तब भी उन्हें पात्रता एवं योजना के प्रावधानों के अनुसार शेष अंतर की राशि का लाभ मिलेगा। इस निर्णय से किसानों की खुशी दोगुनी हो गई है। श्री सुयश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार किसानों के हित में फैसले ले रही है। उन्होंने इस किसान हितैषी निर्णय के लिए जिले के समस्त किसान भाइयों की ओर से मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

लेडीज क्लब में धूमधाम से मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

धमतरी 17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लेडीज क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दीपावली की खुशियां साझा की। कार्यक्रम का आयोजन माधवी शर्मा एवं काजल सिन्हा की किट्टी के सौजन्य से स्वादी रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भारती नायडू द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात पूरे क्लब की सदस्यों ने सम्मानपूर्वक राजकीय गीत का सामूहिक गायन किया तथा विश्व शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। तत्पश्चात डॉ. भारती नायडू ने क्लब की संरक्षिका कामिनी कौशिक, संचालिका उषा गुप्ता, अध्यक्ष रचना नायडू, सचिव तनुजा सेन एवं कोषाध्यक्ष प्रतिमा दीवान को मंचासीन कराया। दीपावली मिलन के पावन अवसर पर श्रीमती उषा गुप्ता एवं सबीना रिजवी ने सभी सदस्यों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। क्लब में नए सदस्यों के जुड़ने पर उनका भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर उषा गुप्ता ने ममता साहू, नेहा खान, प्रभा यादव, निष्ठा तिवारी, वंदना शर्मा, मंजू गोस्वामी एवं रुपल सिंघल को क्लब की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई। समारोह में विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कृष्ण झांकी, गणेश प्रतियोगिता एवं नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिमा दीवान को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं दीप डांस में गायत्री साहू एवं संगीता सिन्हा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

पत्रकार लकेश्वर बघेल के परिवार को न्याय दिलाने प्रेस क्लब ने सौंपा ज्ञापन

लवन थाना प्रभारी को हटाने, आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 17 नवंबर। ग्राम बनगबौद में दीपावली के दौरान पत्रकार लकेश्वर बघेल के पिता प्रकाश बघेल के साथ हुई मारपीट और मामले में पीड़ित परिवार के विरुद्ध काउंटर एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी के नेतृत्व में पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में बताया गया कि मारपीट की घटना में प्रकाश बघेल गंभीर रूप से घायल हुए थे। उनके सिर एवं आंखों के आसपास चोटें आई और टांके लगाने पड़े। बीच-बचाव करने पहुंचे पत्रकार लकेश्वर बघेल और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट किए जाने की शिकायत है। इस मामले में थाना लवन में अपराध क्रमांक 0398/2026 दर्ज किया गया था। इसके अगले ही दिन घायल पिता, पत्रकार पुत्र एवं परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0399/2026 के तहत काउंटर एफआईआर दर्ज कर दी गई। प्रेस क्लब ने इस घटनाक्रम पर सवाल उठाते हुए मेडिकल रिपोर्ट, गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ज्ञापन में लवन थाना प्रभारी को वर्तमान पदस्थापना से हटाकर जांच किसी वरिष्ठ एवं निष्पक्ष पुलिस अधिकारी से कराने, मारपीट के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, गवाहों को धमकाने की शिकायत की जांच तथा पीड़ित पत्रकार और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है। साथ ही काउंटर एफआईआर की भी निष्पक्ष समीक्षा करने की बात कही गई है।

प्रेस क्लब ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है। क्लब का कहना है कि पत्रकारिता के नाम पर किसी को कानून से ऊपर नहीं रखा जा सकता, लेकिन किसी पत्रकार और उसके पीड़ित परिवार को न्याय एवं सुरक्षा मिलना भी सुनिश्चित होना चाहिए। यह मांग निष्पक्ष पुलिसिंग, पत्रकारों की सुरक्षा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के उद्देश्य से की गई है।

इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी, सचिव दलजीत सिंह चावला, उपाध्यक्ष निशांत श्रीवास्तव, सलाहकार सुदेश साहू एवं राघवेंद्र सिंह सहित आभाष शर्मा, विजय तिवारी, शंकर दुलानी, राजा वालेचा, लंकेश्वर बघेल, तोषण चौबे, तुलसी साहू समेत बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

शिक्षा से ही आदिवासी समाज का उज्ज्वल भविष्य, एकता और विकास से मजबूत होगी पहचान : सांसद

जिले मे जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन

बलौदाबाजार-भाटापारा 17 नवंबर। जिले में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला ऑडिटोरियम मे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सांसद श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और विकास पर जोर देते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समाज के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह और वीर गुंडाधुर जैसे महान जननायकों के संघर्ष और बलिदान की गाथाएँ समाज के हर बच्चे तक पहुँचनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास, पूर्वजों और संस्कृति पर



गर्व कर सके। श्री अग्रवाल ने आदिवासी समाज की अलग-अलग आस्थाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करते हुए एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने नक्सलवाद को आदिवासी अंचलों के विकास की बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद के समूल खात्मे की दिशा में निर्णायक प्रयास किए हैं। अपनी राह से भटके युवाओं को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने और उनके पुनर्वास के लिए भी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। माओवादी आंदोलन से जुड़े युवाओं को सम्मानजनक जीवन, विकास के अवसर और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना, महतारी वंदन योजना एवं आदिवासी विद्यार्थियों के लिए संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासी समाज के सम्मान, अधिकार, संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं रोजगार की सुविधाएँ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। दुर्गम वनांचलों में बिजली की समस्या पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि जहाँ बिजली के तार पहुँचाना कठिन है, वहाँ सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई जा सकती है। जिन गाँवों में अभी सोलर सुविधा नहीं है, वहाँ भी भविष्य में बिजली पहुँचाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने दूरस्थ वनांचलों में बिजली की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज श्री राजेंद्र दीवान एवं सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र ध्रुववंशी ने जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन तथा आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

गाली-गलौज करने से मना करने पर हमला करने वाले विधि से संघर्षरत 1 बालक सहित कुल 4 आरोपी गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 17 नवंबर। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों के साथ मारपीट, हुड़दंग व हिंसा करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ बेहद कड़ाई से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत गाली-गलौज करने से मना करने पर प्रार्थी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धरदबोचा है।

प्रार्थी प्रकाश बघेल उम्र 40 वर्ष, निवासी- ग्राम बनगबौद, द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 09.11.2026 की रात्रि करीब 19:45 बजे आरोपियों द्वारा गली में गंदी-गंदी गालियां दी जा रही थीं। ?जब प्रार्थी ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी अजय गिरी, संजु गिरी एवं अन्य साथियों ने एक राय होकर प्रार्थी को माँ-बहन की गंदी-गंदी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसी दौरान आरोपियों द्वारा अपने हाथ में



पहने हुए कड़े/चूड़े से प्रार्थी के सिर पर जोरदार वार किया गया, जिससे प्रार्थी के सिर में गंभीर चोटें आई।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 398/2026, धारा 296, 115(2),351(2),118(1),191(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ?मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना लवन पुलिस ने त्वरित सुरागकशी करते हुए संलिप्त आरोपियों की पतासाजी की तथा आज दिनांक 16.11.2026 को दबिश देकर विधि से संघर्षरत एक बालक सहित 04 आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की घटना करना स्वीकार किया गया। सभी आरोपियों को दिनांक 16.11.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक की तैयारियां तेज

कांकेर,17 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला मुख्यालय कांकेर में 23 एवं 24 नवम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजन स्थलों एवं प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान, डाईट परिसर, बीआरसी कार्यालय परिसर एवं खेल मैदान का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को सभी आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने, प्रतिभागियों के ठहरने, भोजन एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने तथा आवश्यकता के अनुसार प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा।

कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा,अवैध धान पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

बलौदाबाजार, 17 नवंबर। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी की समीक्षा की।उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों मे नोडल अधिकारियो की लगातार मॉनिटरिंग तथा अवैध धान परिवहन व बिचौलिए पर कड़ी नजर रखते हुए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्र के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए है। सबंधित नोडल अधिकारी अपने उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर खरीदी की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जिला कंट्रोल रूम मे किसानों से प्राप्त सूचना और शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। शिकायतों का निराकरण संतोषप्रद हो। उन्होंने जिला कंट्रोल रुम नंबर 9201899925 को समितियों मे लगे फ्लेक्स पर लिखवाने कहा ताकि किसान उस नंबर पर आसानी से संपर्क कर सकें। उन्होंने कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रति एकड़ 21 क्विंटल से कम धान बेचने पर भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अंतर की राशि पूरे 21 क्विंटल की राशि किसानों देय होने की जानकारी किसानों को देने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने विशेष जोर देते हुए कहा कि उपार्जन केंद्र मे किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाय ताकि धान बेचने आने वाले किसान अच्छा अनुभव लेकर जाएं। राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिये तुंहर टोकन मोबाइल एप्प विकसित किया हैं जिससे किसान घर बैठे टोकन ले सकते हैं,इसका भी व्यापक प्राचार -प्रसार करें।

बताया गया कि भाटापारा मण्डी मे इस वर्ष धान की अच्छी आवक हैं। मण्डी मे धान 3077



रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसान धान बेच सकते हैं। समर्थन मूल्य मे धान खरीदी पहले दिन 15 नवम्बर को जिले के 353 किसानों से 1000 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई। इस बार जिले मे 170636किसानों ने एग्रीस्टेक मे पंजीयन कराया है। खरीफविपणन 2026-27 मे समर्थन मूल्य मे धान खरीदी के लिये जिले का लक्ष्य 897854 मीट्रिक टन रखा गया है। 16 नवम्बर के लिये 494 टोकन जारी किया गया हैं जिससे 1538 मीट्रिक टन धान खरीदी होगी।

प्रारूप- (तीन)

शपथ पत्र

(नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं अवलम सोमलू (माता/पिता पालक का नाम) सुपुत्र / पिता अवलम पाण्डु निवासी ग्राम - तर्रेम, एतद द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

मैं ग्राम तर्रेम, तहसील उसूर, जिला बीजापुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।

मैं अपने नाबालिग पुत्र सवलम हनुमान (Soulam Hanuman) से बदलकर रूपेश अवलम (Rupesh Avlam) करवाना चाहता हूँ।

मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं अपने पुत्र सवलम हनुमान (Soulam Hanuman) को हमारी नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

सोमलू
माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर

CGHIDB कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-राजनांदगांव
कार्यालय पता- न्यू बस स्टैण्ड व्यवसायिक परिसर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)फोन नं.07744469714
E-mail-emzonerjn@gmail.com

छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन / दुकान क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी अटल आवास योजना पेण्ड्री, राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्री नटवर लाल रजक पिता श्री गैंद लाल रजक भवन क्रमांक अटल आवास-61, पेण्ड्री राजनांदगांव (छ.ग.)

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

शपथ पत्र

मैं संतोषी साहू पति नोकचंद साहू (Santoshi Sahu W/o Nokchand Sahu) पता-ग्राम सूरजपुरा तह. स. लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.), 491995 की निवासी हूँ जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूं कि-

मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

मेरा वास्तविक नाम संतोषी साहू पति नोकचंद साहू (Santoshi Sahu W/o Nokchand Sahu) है जो मेरे मतदाता परिचय पत्र में दर्ज है जो सत्य व सही है।

मेरे आधार कार्ड नं. 3569 4627 4129 में मेरा नाम संतशी बाई साहू (Santashi Bai Sahu) अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है।

मेरे पेन कार्ड नं. LUDPS5501A में मेरा नाम अंग्रेजी में SANTASHI BAI SAHU अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है।

मैं अपने आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में अपने नाम में सुधार कराकर अपना वास्तविक नाम संतोषी साहू (Santoshi Sahu) दर्ज कराना चाहती हूं जिसकी पुष्टि में यह शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है।

संतोषी
शपथकर्ता
सत्यापन-

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि मेरे द्वारा दिये गये संपूर्ण विवरण व जानकारी पूर्णतः सत्य है जिसे आज दिनांक 16.11.2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

सत्यापनकर्ता
संतोषी

ड्राइवर संघ और ट्रांसपोर्टर्स के बीच गतिरोध समाप्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदबाजार, 17 नवंबर । छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला जी के नेतृत्व में आज बलौदाबाजार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक राज्य शासन, पुलिस प्रशासन, ड्राइवर संघ और ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधियों के साथ बेहद सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। श्री अंजय शुक्ला जी की विशेष पहल तथा स्थानीय प्रशासन के सक्रिय सहयोग से ड्राइवर संघ एवं ट्रांसपोर्टर सदस्यों के बीच पिछले कुछ समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने पर आपसी सहमति बन गई है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में किसी भी ट्रक, बल्कर अथवा अन्य वाहन के आवागमन को नहीं रोका जाएगा और सभी व्यावसायिक वाहनों का संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा। बैठक के सफल होने के लिए श्री अंजय शुक्ला और अन्य सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री



विष्णु देव साय, माननीय उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा एवं माननीय वन एवं परिवहन मंत्री से केदार कश्यप को धन्यवाद दिया। इस सफल एवं सकारात्मक पहल के लिए समस्त सदस्यों ने आदरणीय श्री अंजय शुक्ला जी के कुशल नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। बैठक में श्री अशोक जैन जी और बल्कर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मलकीत सिंह जी, बल्कर संघ से महासचिव श्री लोकेश शर्मा जी, उपाध्यक्ष श्री अनीस विश्नोई जी, श्री जसवंत सिंह जी, कोषाध्यक्ष श्री पंकज सिंह, श्री विनम्र शुक्ला जी, श्री मनोज केडिया और श्री सनोज सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समस्या के समाधान में सकारात्मक भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री ने किया एएनएम नर्सिंग कौशल कॉलेज का लोकार्पण, युवतियों को मिलेगा रोजगार का अवसर

जशपुर 17 नवंबर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जशपुर जिले के आरा में एएनएम नर्सिंग कौशल कॉलेज का लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से प्रचेत फाउंडेशन द्वारा संचालित इस कॉलेज का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र की युवतियों को नर्सिंग शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेजों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है। स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों के साथ नर्सों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। नर्सिंग केवल नौकरी नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का कार्य है। उन्होंने अन्य क्षेत्रों में भी कौशल विकास की पहल करने का आग्रह किया।प्रचेत फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक कल्याण टी. चक्रवर्ती ने बताया कि प्रदेश में कुल आठ एएनएम नर्सिंग कौशल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक कॉलेज में दो वर्षीय



पाठ्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष 120 छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। पहले चरण में जशपुर, कोरबा, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और जगदलपुर में 2026-27 से पढ़ाई शुरू होगी।

प्रशिक्षण पूरा करने वाली छात्राओं को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता दी जाएगी। उन्हें अपोलो, मेदांता और क्लाउडनाइन जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार की योजना के तहत 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम में पैनआईआईटी एलुमनाई इंडिया के अध्यक्ष प्रभात कुमार और ईवाई फाउंडेशन इंडिया के प्रमुख सौरभ आनंद भी उपस्थित रहे। ईवाई फाउंडेशन पहले बैच की 120 छात्राओं के प्रशिक्षण में सहयोग करने के साथ जरूरतमंद एवं योग्य छात्राओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। कैपिंग समारोह में छात्राओं ने नर्सिंग सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कॉलेज की शुरुआत को आदिवासी अंचल में नर्सिंग शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण सूचना

आदेश क्रमांक 5133-/वलेस/2026 कवर्धा, दिनांक 10/11/2026

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक-199843 प्रथम निविदा सूचना क्रमांक 08/वलेस/2026-27 कवर्धा, दिनांक 23/09/2026 कबीरधाम जिले के विकासखंड-सहसपुर लोहारा के दमऊनाला व्यपवर्तन योजना के अंतर्गत मुख्य नहर की आर. डी. 540 मीटर से आर.डी. 1420 मीटर, आर.डी. 1950 मीटर से 2330 मीटर, आर.डी. 2490 मीटर से 3210 मीटर, 3360 मीटर से 3630 मीटर एवं आर.डी. 4020 मीटर से 5290 मीटर तक रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, तथा 03 नग व्ही.आर.बी., 03 नग सुपर पैसेस, 03 नग सी.डी. पक्की संरचनाओं का निर्माण एवं 08 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य हेतु प्रथम आमंत्रित निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

जी.नं. 262703577/10

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

जी- 262704519/7

एक नजर

ग्लोबल एक्सीलेंस पुरस्कार 28 नवंबर को

रायपुर 17 नवंबर। छत्तीसगढ़: इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) के द्वारा 28 नवंबर को OISEI ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड का आयोजन करेगा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल की सुरक्षा,पर्यावरण संरक्षण,आपदा प्रबंधन और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, पेशेवरों, संगठनों और संस्थानों को सम्मानित करना है।संस्था के सह निदेशक डॉ.एम.एस.नवाज ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि सुरक्षा,पर्यावरण और आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पेशेवरों को किया जाएगा सम्मानित !उन्होंने बताया की 'ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड' पहल के माध्यम से,जागरूकता बढ़ाना,पेशेवर उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम,पर्यावरण संरक्षण तथा आपदाओं में होने वाले नुकसान को कम करना है!

फिल्म अग्नियुद्ध की शूटिंग शुरू

रायपुर 17 नवंबर। सर्वमंगला इंटरनेशनल के बैनर तले बनने वाली एक्शन से भरपूर रोमांचक हिंदी फिल्म अग्नियुद्ध की शूटिंग नवंबर



महीने के आखिरी सप्ताह से मुंबई और मुंबई के आसपास के कई सारे जगहों में तथा कर्नाटक के कुर्ग,मैसूर स्थित वृंदावन गार्डन और तमिलनाडु की ऊटी में शुरू होने जा रही है 7 इस फिल्म में मुख्य भूमिका में बतौर हीरो प्रिंस अमित को लिया गया है जो की एक दमदार अभिनेता है 7साथ में मार्केट के बहुत सारे चर्चित चेहरे बाकी के अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे 7 इस फिल्म के सिनेमैटोग्राफर है वी.एस.राठौर,कोरियोग्राफर है टीनू खानेरिया,एक्शन डायरेक्टर होंगे मशहूर एक्शन डायरेक्टर हीरा यादव और साउथ के मशहूर एक्शन डायरेक्टर चंद्र वीर द्य इस फिल्म के निर्माता- निर्देशक - लेखक सुदीप डी.मुखर्जी है द्य मुख्य सहायक निर्देशक अनिल पांडे है और प्रोडक्शन एग्जीक्यूटिव राजेश मिश्रा होंगे 7 प्रोडक्शन कंट्रोलर,के.वी.गुरु प्रसाद है

पीआई ने पेश किया स्वदेशी कीटनाशक

रायपुर 17 नवंबर। पीआई इंडस्ट्रीज ने आज भारत के पहले स्वदेशी रूप से खोजे गए कीटनाशक मॉलिक्यूल द्वारा संचालित पियोक्साज़ोन को लॉन्च किया। धान, मक्का और चने की फसलों के लिए विकसित, पियोक्साज़ोन मूल वैज्ञानिक खोज से लेकर व्यावसायिक अनुप्रयोग तक की पीआई की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसका मॉलिक्यूल, पियोक्सानिलिप्रोल, भारत की कृषि नवाचार यात्रा में एक निर्णायक क्षण है। यह दर्शाता है कि भारत अब अपने स्वयं के फसल सुरक्षा नवाचार की खोज, विकास, पंजीकरण और व्यावसायीकरण कर सकता है, और पियोक्साज़ोन इस यात्रा को पूरा करने वाला पहला उत्पाद है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण आजीविका में कृषि का केंद्रीय स्थान है, जहाँ धान, मक्का और दलहन राज्य के फसल परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। रायपुर और उसके आसपास तथा पूरे राज्य के कृषक समुदायों के लिए, इन फसलों को कीटों के दबाव से बचाना केवल पैदावार बढ़ाने के बारे में नहीं है, बल्कि आय, खाद्य सुरक्षा और आजीविका की रक्षा करने के बारे में भी है। धान में येलो स्टेम बोरर, मक्का में फॉल आर्मीवर्म और चने में पॉड बोरर किसानों के लिए बड़ी चुनौतियां बने हुए हैं। भारतीय कृषि के साथ पीआई के आठ दशकों के जुड़ाव के आधार पर, पियोक्साज़ोन का विविध बढ़ती परिस्थितियों में मल्टीलोकेशन फील्ड ट्रायल्स के माध्यम से मूल्यांकन किया गया है।

निधन

मनीष मिश्रा

रायपुर। पाटन ब्लॉक के ग्राम मर्रा निवासी मनीष



मिश्रा (बन्टी)पिता स्व. डॉ अरुण मिश्रा का रायपुर में निधन हो गया है। जिनका अन्तिम संस्कार ग्राम मर्रा में किया गया । वे रजनीश मिश्रा के बड़े भाई थे।

सुरेश शर्मा

रायपुर। सुरेश शर्मा जी का निधन आज रात्रि 3 बजे हो गया है उनकी अन्तिम यात्रा निज निवास ब्राह्मण पारा तुमगांव से निकाली गई। मुक्ति धाम तुमगांव में अंतिम संस्कार किया गया।

छत्तीसगढ़ को मिलेंगे 4 राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर 17 नवंबर। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन और पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में किए गए कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने जा रहा है। भारत सरकार के केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 'स्वनिधि सम्मान अवाड्र्स-2026' के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के साथ तीन नगरीय निकायों का चयन किया है। इनमें बिलासपुर, बड़े बचेली और दंतेवाड़ा शामिल हैं। इस तरह राज्य को कुल चार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेंगे।नक्शे देखें नई दिल्ली में 20 नवंबर को आयोजित होने वाले समारोह में चयनित राज्य और नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा।



उ प मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर तीनों नगरीय निकायों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत छत्तीसगढ़ और उसके तीन नगरीय निकायों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना गौरव की बात है। साव के मुताबिक, यह उपलब्धि पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान नगरीय निकायों को छोटे कारोबारियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए और अधिक प्रतिबद्धता से काम करने की प्रेरणा देगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयन की जानकारी दी है।

भारत सरकार ने इस समारोह में शामिल होने के लिए राज्य शासन और संबंधित नगरीय निकायों के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया है। 20 नवंबर को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले 'स्वनिधि सम्मान अवाड्र्स-2026' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ बिलासपुर, बड़े बचेली और दंतेवाड़ा को सम्मान प्रदान किया जाएगा।

दीपावली मिलन में किया गया किसानों का सम्मान

रायपुर 17 नवंबर। राऊ विधानसभा अंतर्गत बिजलपुर में भाजपा किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष श्री रजनीश वर्मा द्वारा आयोजित दीपावली मिलन एवं किसान सम्मान समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों का सम्मान कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। विशेष रूप से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरस्कृत किसानों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी किसान भाइयों ने सहभोज में सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा जी तथा विशेष अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी राऊ विधायक श्री मधु वर्मा जी एवं पूर्व विधायक जीतू जिराती जी थे।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा जी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में देश के किसान भाइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। किसान देश की अर्थव्यवस्था की



मजबूत नींव हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और कृषि क्षेत्र में निरंतर नवाचार ही भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कैबिनेट मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्राथमिकताओं में किसान सर्वोपरि हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण और उनकी आर्थिक समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

8 माह के बच्चों से लेकर बुजुर्गो ने की ज्ञान की पूजा



रायपुर 17 नवंबर। खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में ज्ञानपंचमी के अवसर पर जैन धर्म के बच्चे जेन जी , युवाओं श्रावक श्राविकाओं ने सम्यक ज्ञान की पूजा आराधना में भाग लिया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि ज्ञानपंचमी के अवसर पर पवित्र शास्त्रों व ज्ञान के महत्व को पहचानने के लिए धार्मिक पुस्तकों की पूजा की गई । माता पिता अपने 8 माह के बच्चों से लेकर बड़ी उम्र के बच्चों के साथ सम्यक ज्ञान की प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना की । ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रातः से ही बच्चों के साथ अनेक युवाओं ने मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान मनःपर्यव ज्ञान व केवलज्ञान की आराधना करते हुए 5 चैत्यवंदन किया तथा 51 प्रदक्षिणा व 51 खमासना देकर क्रिया सम्पन्न की गई ।

भूपेश बघेल का बयान बौखलाहट का परिचायक: संजय

रायपुर 17 नवंबर। छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भूपेश बघेल जी की बयानबाजी अब राजनीतिक मर्यादाओं को लांघती जा रही है। उनकी टिप्पणियों से स्पष्ट प्रतीत होता है कि वे वैचारिक रूप से भ्रमित हो चुके हैं। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को उनके बयानों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और उन्हें आत्ममंथन करने की सलाह देनी चाहिए।

संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आसन्न में जो नगरीय निकाय चुनाव की संभावित हार की आशंका से घबराकर भूपेश बघेल मतदाता सूची में गड़बड़ी जैसे आरोपों को राजनीतिक मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही अपनी संभावित पराजय के लिए बहाने तैयार करने की रणनीति बना ली है। जनता अब इस प्रकार की राजनीति और निराधार आरोपों को अच्छी तरह समझती है।

उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल द्वारा भाजपा के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी पर अनावश्यक टिप्पणी करना उनकी



राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। ऐसा लगता है कि भूपेश बघेल को दिन.रात नितिन नबीन का सपना सताता रहता है। आखिर उनकी राजनीतिक बेचैनी का कारण भी स्पष्ट है। श्री नितिन नबीन जी ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय और कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी संगठनात्मक क्षमता, नेतृत्व कौशल और समर्पण से कांग्रेस आज भी असहज दिखाई देती है।

श्रीवास्तव ने कहा कि श्री नितिन नबीन जी ऐसे नेता हैं, जो अपनी राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हैं। उनके लिए छठ महापर्व और बिहार की सांस्कृतिक विरासत जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही सम्मान और महत्व जनजातीय समाज, उसकी परंपराओं और जनजातीय गौरव दिवस का भी है। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा सबका सम्मान, सबका गौरव और सभी वर्गों की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षण देने में विश्वास रखती है।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस की सोच में यही मूल अंतर है। भाजपा अपनी संस्कृति,परंपराओं और राष्ट्र के गौरव को सर्वोपरि रखती है, जबकि कांग्रेस के कुछ नेताओं का आचरण और बयानबाजी भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति उनकी उदासीनता को उजागर करती है। भूपेश बघेल जी को अनावश्यक व्यक्तिगत टिप्पणियों और आरोप.प्रत्यारोप की राजनीति छोड़कर सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। कांग्रेस नेतृत्व को भी अपने वरिष्ठ नेता की बयानबाजी पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

अंजय शुक्ला का किया गया सम्मान




रायपुर 17 नवंबर। राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस रेजिडेंट्स एसोसिएशन द्वारा दीपोत्सव व स्नेह मिलन समारोह तथा सम्मान समारोह का आयोजन विमतरा में किया गया। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने बढ़ाई शोभा कार्यक्रम में गरिमामय दीवाली मिलन के साथ संगीत समारोह का भी आयोजन किया गया। विमतारा ऑडिटोरियम, शांतिनगर, रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम की गरिमा कई दिग्गज हस्तियों की उपस्थिति से और बढ़ गई। समारोह में मुख्य रूप से विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, पुलिस आयुक्त श्री संजीव शुक्ला और पूर्व मंत्री श्री विधान मिश्रा की विशेष रूप से गरिमामई उपस्थिति रही। इस विशेष अवसर पर एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य एवं 'छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड' के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला जी का संस्था की ओर से आत्मीय अभिनंदन एवं भव्य सम्मान किया गया।

सरयूपारीण ब्राह्मण सभा का दीवाली मिलन समारोह आयोजित



रायपुर 17 नवंबर। किसी भी कार्यालय के भवन को निहारने से वहाँ कार्यरत लोगों की कार्यशैली कार्यक्षमता का आंकलन हो जाता है, सरयू पारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ के भवन कार्यकाल में बैठने से, देखने से ही अहसास होता है कि समाज उन्नति की ओर अग्रसर हो सभी के कल्याण के कार्य कर रहा है। उक्त बातें बृजमोहन अग्रवाल सांसद एवं पूर्व मंत्री ने कार्यालय के लोकार्पण अवसर पर कही सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ का दीवाली मिलन समारोह समाज के भवन सौंदर्यीकरण एवं दीपावली मिलन समारोह में शामिल जनों को दीपावली की बधाई देते हुवे उन्होंने कहा कि ब्राह्मण हमेशा सम्माननीय रहा है,समाज ने सभी वर्गों को सही राह दिखाई है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंच पर 5 घी के दीपक प्रज्वलित कर सभी को दीपोत्सव की बधाई शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि बतौर उपस्थित विवेक शुक्ला अति.उप पुलिस कमिश्नर ने कहा कि युवाओं को आगे आकर समाज से जुड़ संस्कारों,परम्पराओं को जानना चाहिए। विशेष अतिथि दीपक मिश्रा ए सी पी ने कहा कि हमारा समाज संस्कृति के संरक्षण में योगदान दे रहा यह आवश्यक भी है।उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि सर्व प्रथम कुलपुरुष तुलसी दास जी की पूजा कर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर भगवान हनुमान जी की अर्चना कर सबके मंगल की कामना की गई । इस दीवाली मिलन समारोह में गत वर्ष जनेऊ संस्कार कार्यक्रम के दानदाताओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर, सूर्यमणि मिश्रा पूर्व उपाध्यक्ष आर डी ए,विष्णु दत्त मिश्रा पूर्व जिला आबकारी अधिकारी, डी एस परोहा,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व उपाध्यक्ष राममूरत शुक्ला, दशरथ प्रसाद शुक्ला,अरुण दुबे,राम मूरत तिवारी,अजय तिवारी,दादू भाई त्रिपाठी,आर्यावर्त ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय महासचिव रेखेन्द तिवारी महासचिव भी के मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, राजेश त्रिपाठी ब्रिसनेन्द मिश्रा अरविंद चौबे प्रवीण चौबे मथुरा प्रसाद विजय शंकर पाण्डेय,गौतम ओझा अनिरुद्ध दुबे वरिष्ठ पत्रकार,राज दुबे,तिवारी,भागवत तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, मुकेश तिवारी एस के मिश्रा उमेश मिश्रा, शिवेंद्र तिवारी, प्रकाश नारायण शुक्ला, चंद्र शेखर द्विवेदी,,श्रृषिकेश पान्डेय,प्रभात मिश्रा, सचिन मिश्रा,के साथ लगभग 340 सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।



रायपुर,17नंवबर। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का आज रायपुर आगमन हुआ। उनका विमानतल पर कांग्रेसजनों ने स्वागत किया।

'किसानी ऊर्जा समृद्धि' योजना से किसान होगा सशक्त

रायपुर 17 नवंबर। ग्रुनर ग्रुप की किसान-केंद्रित पहल किसानी ऊर्जा अपने 'किसानी ऊर्जा समृद्धि-रायपुर संस्करण' के माध्यम से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के ग्राम मर्रा पहुँची है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से जोड़ना, कृषि उत्पादकता बढ़ाना और ग्रामीण समुदायों के लिए बेहतर आजीविका के अवसर तैयार करना है। इस आयोजन के माध्यम से आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने वाले प्रगतिशील किसानों के योगदान को पहचान देने और उन्हें प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। खेती वही, तरीके नए, कमाई बेहतर की सोच पर आधारित आदर्श किसानी खेत कार्यक्रम पारंपरिक कृषि अनुभव को आधुनिक



वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़कर किसानों की उत्पादकता बढ़ाने, खेती की लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने और उनकी आय में सुधार के नए अवसर विकसित करने पर केंद्रित है। इससे किसान नई तकनीकों को अधिक आत्मविश्वास के साथ अपना सकते हैं। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के ग्राम मर्रा में आयोजित रायपुर संस्करण का उद्देश्य किसानों को बेहतर कृषि तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर जागरूकता, ज्ञान के आदान-प्रदान और टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर किसानी ऊर्जा के संस्थापक एवं सीईओ श्री उत्कर्ष गुप्ता ने कहाः हमारा उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है – किसानों को अपनी खेती बदलने की जरूरत नहीं, बल्कि खेती करने के तरीकों को बेहतर बनाकर उनकी आय बढ़ाने के अवसर देने हैं। आदर्श किसानी खेत कार्यक्रम के माध्यम से हम आधुनिक कृषि तकनीकों को सीधे किसानों के खेतों तक पहुँचा रहे हैं, ताकि वे नई पद्धतियों को विश्वास के साथ अपना सकें।

पुरानी बस्ती में मनाया गया मातर महोत्सव

रायपुर 17 नवंबर। ठेठवार यादव समाज रायपुर राज के अंतर्गत बासिन पारा पार (सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर) द्वारा जैतु साव मठ पुरानी बस्ती, नागरीदास मठ मंदिर सरस्वती चौक में मातर महोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात गोवर्धन पूजा के दिन यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग लगाया गया। गोवर्धन पर्वत बनाकर गौ माता की विधि-विधान से पूजा की गई। तथा इस कार्यक्रम में श्री महंत रामसुंदर दास (पूर्व विधायक व पूर्व अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़), श्री सत्यनारायण शर्मा (पूर्व मंत्री व विधायक छत्तीसगढ़) , श्री अजय तिवारी (जैतु साव मठ के प्रभारी ट्रस्टी), श्री महेन्द्र अग्रवाल (सचिव जैतु साव मठ) , श्री रमेश यदु (वरिष्ठ ट्रस्टी जैतु साव मठ) , श्री सुरेश शुक्ला (वरिष्ठ नेता ब्राम्हण समाज व ट्रस्टी जैतु साव मठ) विषेश रूप से उपस्थित थे।



जिसमें ठेठवार यादव समाज रायपुर राज के राज ठेठवार श्रीकांत यदु, रायपुर महानगर ईकाई के अध्यक्ष हरिराम यदु, दसरू यदु, गोवर्धन यदु, चन्द्रकान्त यदु, गोविंद यदु, संतोष यदु, जय प्रकाश यदु, अश्विनी यदु, रविशंकर यदु, गोपाल यदु, केशव यदु ,विनय गोवर्धन यदु,राजकुमार यदु, कमलेश यदु (मंटू), राहुल यदु, शंकर यदु, चन्द्र प्रकाश यदु, रमेश कन्हैया यदु, प्रकाश यदु, संजु यदु , सुरेश यदु (पप्पू) , विनय यदु, प्रफुल्ल यदु, जय-विजय यदु, कुंजलाल यदु, खोरबाहरा यदु, अरविंद यदु, रेवाराम यदु, सुदीप , कन्हैया यदु, शुभम यदु, भारत भुषण यदु, सागर यदु, अर्जुन यदु, रतन यदु, सुमित यदु, किशोर यदु आदि समाज के युवा साथी महिला, बुजुर्ग व स्वाजीय बंधुगण विषेश रूप से उपस्थित थे।

आहुजा ने सीएम हेल्पलाइन पर उठाया हाईवे पर हेलमेट का मुद्दा

रायपुर 17 नवंबर। श्री आहुजा ने बताया कि वे इस संबंध में कई बार मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। सीएम हेल्पलाइन की ओर से अब तक तीन बार परिवहन आयुक्त को पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन हाईवे पर हेलमेट पहनने के नियम को सख्ती से लागू करने के संबंध में अभी तक आदेश जारी नहीं हुआ है। श्री आहुजा के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में हेलमेट नहीं पहनने के कारण 23 हजार लोगों की असमय मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे स्वयं इस मामले में पहल करते हुए हाईवे पर हेलमेट पहनना अनिवार्य करने का आदेश जारी करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अनमोल जिंदगियों की क्षति को रोका जा सके और लोगों को असमय मृत्यु से बचाया जा सके।



अशोक बजाज ने धान खरीदी का किया शुभारंभ

रायपुर 17 नवंबर। जिला पंचायत व अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने धान खरीदी केंद्र रवेली, परसदा एवं सकरी में धान खरीदी तिहार में शामिल हुए तथा धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होनें इस अवसर पर किसानों का सम्मान कर शुभकामनाएं दी।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26